शनिवार
19 फरवरी 2022



पृष्ठ 4

**इन तरीकों से काजल को बनाएं अपने ब्यूटी रुटीन का हिस्सा**



पृष्ठ 5

**आरसी 16 में राम चरण के साथ स्क्रीन शेयर करती दिखेंगी रश्मिका**



● देहरादून
● वर्ष 30
● अंक 26
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

# दूनवैलीमेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

**आज का विचार**

प्रजा के सुख में ही राजा का सुख और प्रजाओं के हित में ही राजा को अपना हित समझना चाहिए। आत्मप्रियता में राजा का हित नहीं है, प्रजाओं की प्रियता में ही राजा का हित है।– चाणक्य

## पति-पत्नी की हत्या, हत्यारोपी गिरफ्तार



हमारे संवाददाता

देहरादून। पटेलनगर क्षेत्र में हुई दम्पत्ति की हत्या के मामले में पुलिस ने फरार हो गये हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। यह दोहरा हत्याकांड अवैध सम्बन्धों और पैसों के लेन देन को लेकर करना बताया गया है।

डीआईजी/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जन्मेजय खण्डूरी ने बताया कि बीती रात करीब ढाई बजे गुरप्रीत सिंह ने थाना पटेल नगर को सूचना दी कि विद्या विहार फेस–2 पथरी बाग में एक व्यक्ति द्वारा दो लोगों का मर्डर कर दिया गया है। बताया कि मैं उसी बिल्डिंग में ऊपर वाले फ्लैट में रहता हूं, करीब दो से ढाई बजे के बीच नीचे के फ्लैट से काफी शोर शराबा सुनकर हम नीचे आये और हमने उक्त फ्लैट एक व्यक्ति को बाहर

**❑अवैध सम्बन्धों और पैसों के लेन-देन को लेकर की गयी थी हत्या**

आते देखा। जिसने बताया कि मैने इस फ्लैट में रह रहे दोनों लोगो की हत्या कर दी है, इतना कहकर वह वहां से भागने का प्रयास करने लगा। जिस पर हमने उसे कमरे में ही बंद कर दिया है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस मौके पर पहुंची और देखा तो पाया कि वह व्यक्ति फ्लैट में पिछले कमरे से बाहर निकल कर भाग चुका है। इस पर उसकी खोजबीन शुरू की गयी। जिसे कुछ ही दूरी पर दबोच लिया गया। थाने लाकर की गयी पूछताछ में उसने अपना नाम हरद्वारी लाल पुत्र स्व. बदलू हाल निवास विद्या विहार बताया। बताया कि हम तीनों पहले लालपुल समीप रहते थे। पिछली 11 तारीख को ही हम यहां रहने आये है। बताया कि सपना व उसके पति राजेन्द्र सिंह डोगरा के द्वारा कई बार मुझसे पैसे उधार लिये गये थे तथा वर्तमान में भी इन दोनो ने मुझसे 40 हजार रूपये लिये थे। बताया कि इस के एवज में मेरे सपना के साथ नाजायज ताल्लुक बन गये थे। बीती रात को हमारे कुछ अन्य जानने वाले साथी लक्ष्मी, आतिफ और डबराल जी इसी फ्लैट में बबलू व सपना के साथ बैठकर शराब पी रहे थे, नशे की हालत में पैसों के लेन–देन को लेकर मेरी सपना और उसके पति के साथ कहासुनी हो गयी। झगडा बढता देखकर लक्ष्मी, आतिफ तथा डोभाल जी वहां से चले गये। उन लोगो के जाने के बाद मैने

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

## मिल्क प्रोडक्ट्स व्यवसायियों पर खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी

**●दूध-दही-पनीर व मावे के सैंपल भरे**
**●लंबे समय से मिल रही थी शिकायतें**

संवाददाता

देहरादून। खाद्य सुरक्षा विभाग और विजिलेंस टीम की संयुक्त छापेमारी में आज आढ़त बाजार तथा हनुमान चौक क्षेत्र में मिल्क प्रोडक्ट्स के थोक व्यापारियों तथा किराना व्यवसाईयों के यहां व्यापक स्तर पर छापेमारी कर नकली उत्पादों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई। टीम ने कई जगह नकली पनीर और मावे को पकड़ा तथा 9 प्रोडक्ट के सैंपल भरकर जांच के लिए भेजे गए हैं तथा कुछ व्यवसायियों को खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुरूप काम न करने के लिए नोटिस भी जारी किए गए हैं।

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा बताया गया कि लंबे समय से राजधानी में नकली मिल्क प्रोडक्ट्स के बेचे जाने की खबरें मिल रही थी जिसके तहत आज आढ़त बाजार और हनुमान चौक क्षेत्र में खाद्य आयुक्त राजेंद्र सिंह के निर्देशन में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान कई जगह नकली मावा और पनीर पकड़ा गया है जिसके सैंपल रुद्रपुर प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजे गए हैं। जिनकी रिपोर्ट दो–तीन दिन में आ जाएगी। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कारवाही खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अनुसार की जाएगी। आज की गई इस छापेमारी की कार्रवाई में मिल्क प्रोडक्ट्स की जांच प्राथमिकता पर रखी गई। जिसमें पारस तथा गोपाल एवं मदर डेयरी आदि के उत्पादों के 9 सैंपल जांच के लिए, लिए गए हैं। इसके अलावा अन्य खाद्य पदार्थों के कई होलसेल डीलरों के यहां भी ऑडिट आदि की जांच की गई है। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम में प्रमुख रूप से जो अधिकारी शामिल थे उनमें पी.सी. जोशी, मनोज सेमवाल, रमेश सिंह, जितेंद्र पांडे, मंजू रावत व कुमारी रचना आदि शामिल थे जबकि विजिलेंस टीम में जगदीश रतूड़ी, संजय सिंह नेगी व योगेंद्र सिंह आदि शामिल थे।


## शोपियां में आतंकियों संग मुठभेड़ में दो जवान शहीद, एक आतंकी ढेर

जम्मू। शोपियां में शनिवार सुबह सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में एक आतंकी मारा गया जबकि सेना के दो जवान भी शहीद हो गए। कश्मीर जोन पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शोपियां के जैनापोरा इलाके के चेरमार्ग में मुठभेड़ हुई। इस कार्रवाई में एक अज्ञात आतंकी मारा गया है। जवानों द्वारा इलाके में सर्च अभियान चलाया जा रहा है। दोनों जवानों की पहचान १ आर आर के संतोष यादव और रोमित चौहान के रूप में की गई है। हालांकि, दोनों जवानों की शहादत की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है। मारे गए आतंकवादी की अभी पहचान नहीं हो पाई है। समाचार लिखे जाने तक सुरक्षाबलों का अभियान जारी है। इलाके में और आतंकवादियों की मौजूदगी की आशंका है। आतंकवादियों पर गोलीबारी शुरू करने से पहले सुरक्षाबलों ने उन्हें हथियार डालने के लिए कई मौके दिए थे। एक आतंकी के मारे जाने के बाद भी सुरक्षाकर्मी इलाके में छिपे दूसरे आतंकियों को आत्मसमर्पण करने के लिए कह रहे हैं परंतु फिलहाल अभियान जारी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जैनपोरा के चेरमार्ग में आतंकियों के देखे जाने की सूचना के तुरंत बाद वहां पहुंचे एसओजी, सेना और सीआरपीएफ के संयुक्त दल ने तलाशी अभियान चलाया हुआ था। जैसे ही सुरक्षाबलों का दल संदिग्ध स्थान के नजदीक पहुंचा, छिपे हुए आतंकवादियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी।

## देश में 24 घंटों में कोविड के 22,270 नए मामले आए, 60,298 लोग हुए डिस्चार्ज

नई दिल्ली। भारत में कोरोना संक्रमण के पिछले २४ घंटों में २२,२७० नए मामले सामने आए हैं, जोकि शुक्रवार के मुकाबले १४ फीसदी कम हैं। इस दौरान कोविड–१९ से ६०२९८ ठीक हुए हैं, जिसके बाद इस बीमारी से ठीक होने वाले कुल लोगों की संख्या ४,२०,३७,५३६ हो गई है। हालांकि, पिछले २४ घंटों में कोरोना वायरस से ३२५ लोगों की मौत हुई, जिसकी वजह से कुल मरने वालों का आंकड़ा ५ लाख ११ हजार २३० हो गया है।

वहीं, देश में अभी भी २ लाख ५३ हजार ७३९ सक्रिय मामले मौजूद हैं। शनिवार को दैनिक संक्रमण दर १.८ फीसदी रहा, जो शुक्रवार के मुकाबले काफी कम है। फिलहाल, अब तक



१७५.०३ करोड़ कोरोना वैक्सीन लगाई जा चुकी हैं। बता दें कि शुक्रवार को भारत में कोरोना संक्रमण के २५,९२० नए मामले सामने आए थे, जोकि गुरुवार के मुकाबले ४,८३७ कम थे। ऐसे में देश में कोरोना के नए मामलों में आज गिरावट दर्ज की जा रही है। वहीं, देश में कल ६६,२५४ कोविड–१९ से ठीक हुए थे, जिसके बाद इस बीमारी से कुल ठीक होने वाले मरीजों की संख्या ४,१६,७७,२३८ हो गई थी। हालांकि, शुक्रवार को ४९२ लोगों की कोरोना वायरस से मौत भी हुई थी। यही नहीं, देश में कल २,९२,०९२ सक्रिय मामले मौजूद थे, जबकि इस दौरान कुल वैक्सीनेशन का आंकड़ा १,७४,६४,९९,४६१ हो गया था। शुक्रवार को दैनिक पॉज़िटिविटी रेट भी २.०७ फीसदी था।

कोरोना मरीजों की संख्या में भले ही कमी देखने को मिल रही है लेकिन खतरा अभी टला नहीं हैं। डब्ल्यूएचओ का कहना है कि अभी महामारी खत्म नहीं हुई। विश्व में करीब ७०,००० लोगों की हर हफ्ते कोरोना के चलते मौत हो रही हैं। ऐसे में लापरवाही भारी पड़ सकती है।

# दून वैली मेल

## संपादकीय

# चुनावी दौर में अलगाववाद

चुनावी दौर में जिस तरह से एक के बाद एक सनसनीखेज और अनूठे मुद्दे निकल कर सामने आ रहे हैं अगर उनमें सत्यता है तो वह निश्चित तौर पर अत्यंत गंभीर और चिंतनीय है। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल पर उनके अन्ना आंदोलन और आप के पूर्व सहयोगी कुमार विश्वास द्वारा अलगाववाद के जो आरोप लगाए गए हैं वह कोई सामान्य आरोप नहीं है। यह आरोप राष्ट्रद्रोह के आरोप हैं। आम आदमी पार्टी को सिख फॉर जस्टिस द्वारा दिए गए चुनावी समर्थन ने इसकी गंभीरता को और भी बढ़ा दिया है। पंजाब के सीएम चन्नी ने प्रधानमंत्री व गृहमंत्री को चिट्ठी लिखकर उनका ध्यान इस ओर आकर्षित कराया गया है जिस पर अमित शाह ने संज्ञान लेते हुए राष्ट्रीय एकता और अखंडता के दृष्टिकोण से अत्यंत गंभीर बताया है। वह कोई सामान्य बात नहीं कही जा सकती है। इस मुद्दे पर अब अरविंद केजरीवाल तमाम तरह की सफाईयां तो पेश कर ही रहे हैं इसके साथ ही वह भाजपा व कांग्रेस पर कई गंभीर आरोप लगाकर अपना बचाव भी करने में जुटे हुए हैं लेकिन इसके साथ ही वह एनआईए द्वारा अपने ऊपर केस दर्ज कराने की आशंका से भी डरे हुए हैं। इस मामले में कई अन्य सवाल भी हैं जिसमें सबसे अहम बात है निर्वाचन आयोग द्वारा कुमार विश्वास के उस ऑडियो पर प्रतिबंध लगाया जाना है जिसमें अरविंद केजरीवाल पर यह गंभीर आरोप लगाए गए हैं। सीधे तौर पर समझे तो इन आरोपों की गंभीरता इतनी अधिक है कि वह पंजाब चुनाव को प्रभावित कर सकती है। दूसरी अहम बात यह है कि कुमार विश्वास को यह बातें पंजाब में होने वाले मतदान से चार दिन पूर्व ही क्यों याद आई? अगर केजरीवाल इतने ही खतरनाक मंसूबों वाला व्यक्ति है जिसे आतंकी की श्रेणी में रखा जाना चाहिए तो राष्ट्र हित में कुमार विश्वास ने इतना बड़ा सच क्यों छुपा कर रखा? क्यों अरविंद केजरीवाल को इतना ताकतवर पॉलिटिशन बनने का मौका दिया, क्या अरविंद केजरीवाल पर कुमार विश्वास ने जो आरोप लगाए है उनका कोई साक्ष्य उनके पास है या फिर सिर्फ यह आरोप जुबा-जबानी ही लगाए गए हैं। सत्य क्या है? इसकी जांच बहुत जरूरी है। यही नहीं इस मामले में दूध का दूध और पानी का पानी होना बहुत जरूरी है तथा दोषी जो भी हो उसे सजा मिलना भी जरूरी है। क्योंकि यह आरोप देश की एकता और अखंडता जैसे अति संवेदनशील मुद्दे से जुड़े हुए हैं। भले ही दौर चुनावी रहा हों, जहां आरोप-प्रत्यारोप का सहारा चुनाव जीतने और किसी को चुनाव हराने के लिए किया जाना आम बात सही। लेकिन इनकी भी अपनी सीमाएं तय है। अगर कुमार विश्वास ने केजरीवाल पर मिथ्या आरोप लगाए हैं तो उन्हें भी इस पर चुप नहीं बैठना चाहिए भाजपा और कांग्रेस ने इस मुद्दे पर जो उग्रता दिखाई है वह भले ही चुनावी लाभ के मकसद से हो लेकिन यह अत्यंत गंभीर मसला है।

# कोरोना काल में कार्यरत कर्मचारियों को ना निकाला जाएः राजकुमार

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। कोरोना काल में कार्यरत कर्मचारियों को ना निकाले जाने तथा अन्य चिकित्सा संबंधित समस्याओं को लेकर अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष एवं राजपुर विधानसभा प्रत्याशी विधायक राजकुमार ने दून प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन और शीघ्र कार्यवाही की करी मांग द्य ज्ञापन में राजकुमार ने कहा कि दून चिकित्सालय में कोरोना काल में कार्यरत कर्मचारियों जिनमें नर्सिंग, पैरामेडिकल, टेक्नीशियन, कंप्यूटर ऑपरेटर, सफाईकर्मी आदि नियुक्त किए गए थे जिनके द्वारा दिन-रात मेहनत कर अपना पूर्ण योगदान दिया गया परन्तु अब वर्तमान में इन सभी कर्मचारियों को निकाला जा रहा है जो कि जनहित के विरूध है तथा इन कोराना योद्धाओं को ना निकाला जाए और पूर्व की भांति कार्य करने दिया जाए । इसके साथ ही दून चिकित्सालय में सुविधाओं के अभावों में गरीब व मजबूर लोगों को सरकारी सुविधाएं नहीं मिल पा रही है जिस कारण मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ।

उन्होंने कहा कि कोरोना को देखते हुए ऑक्सीजन आपूर्ति चौबीस घंटे निंबाध रूप से उपलब्ध रहनी आवश्यक है, जनहित में दून मेडिकल कॉलेज पैथोलॉजी लैब, अल्ट्रासाउंड, एक्स.रे मशीन, सी.टी स्कैन मशीन कि सेवा मरीजों को चौबीस घंटे उपलब्ध करायें तथा ओ०पी०डी मरीजों की अल्ट्रासाउंड शुरू की जाए क्योंकि उक्त साधनों के अभावों की वजह से मरीजो को बाहर से सेवायें लेनी पड़ रही है । राजकुमार ने कहा कि कांग्रेस शासन में रेड क्रॉस बिल्डिंग का निर्माण कार्य शुरू किया गया था परन्तु वर्तमान भाजपा सरकार में अभी तक शुरू नहीं किया गया है तथा इसे शीघ्र शुरू किया जाए और इसके साथ ही स्वीकृत आपरेशन थियेटर इमरजैन्सी ब्लॉक को अभी तक पूर्ण करके शुरू नहीं किया गया है और इसी के साथ ही अग्नि शमन उपकरणों की चालू व्यवस्था अस्पताल में नहीं है और जो अग्नि शमन यंत्र लगे हुए है



उनको चलाने के लिए कोई प्रशिक्षित कर्मचारी नहीं है । पिछले १० वर्षों से जनरेटर कक्ष के पीछे कूड़ा जलाने की मशीन लगी है उससे कूड़े का निस्तारण नहीं हो पा रहा है तथा सरकारी सम्पत्ति में व्यय धन का अधिकारी /कर्मचारियों की लापरवाही के कारण दुरूपयोग हो रहा है।

उन्होंने कहा कि चिकित्सालय में जगह-जगह पुराने पेड़ हैं जो भवनों की दीवारों के बीच में भी आ रहे उन्हें कटवा कर भवनों पर हाने वाले खतरों से बचाया जाए । इसके साथ ही चिकित्सालय परिसर मे मरिजों के लिए साफ पेय जल की व्यवस्था करवायी जाए । सेवानिवृत्त अधिकारियो/कर्मचारियों के समस्त देयको जी.पी.एफ, जी.आई.एस, पेन्शन, ग्रेच्युटी, राशिकरण का भुगतान समय से किया जाए । राजकुमार ने कहा कि अगर जल्द उक्त समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो हमें जनता के साथ धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होना पड़ेगा द्य इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा, नागेश रतूड़ी, कमर खान आदि मौजूद थे।

# उत्तराखण्ड सहित चार राज्यों में बनने जा रही है कांग्रेस सरकारः हरीश



देहरादून (सं)। पांच राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनावों में 10 मार्च को चार राज्यों में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। साथ ही पांचवे राज्य में भी कांग्रेस की सोच रखने वालों की ही सरकार बनने जा रही है।यह बात पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत द्वारा कही गयी है। उन्होने कहा कि उत्तराखण्ड में जनता ने अपना आर्शीवाद कांग्रेस को दिया है और कांग्रेस उत्तराखण्ड में सरकार बनाने जा रही है। उन्होने कहा कि पंजाब में जनता चरणजीत चन्नी के लिए वोट करेगी और वहां भी कांग्रेस की सरकार के लिए वोट किया जायेगा।

# तस्वीर में उतरती पुण्याई के दौर में

सौरभ जैन

अबकी ठंड ने डेढ़ सौ, पौने तीन सौ, सवा चार सौ साल का रिकॉर्ड तोड़ा जैसी खबरें हर साल तैंतीस फीसदी नंबर से सरकने वालों के आत्मसम्मान को क्षति पहुंचाने के लिए काफी होती है। हर ठंड में यही लगता है कि यह ठंड पिछली ठंड से बेहतर परफॉर्म कर रही है। रिकॉर्ड तोड़ने के मामले में ठंड से लोहा लेने की क्षमता पेट्रोल, रसोई गैस, तेल और गरीबों की थाली की कुछ चुनिंदा किस्म की सब्जियों के अतिरिक्त किसी में नहीं है। हां, कुछ भिखमंगे, भूखे-नंगे किस्म के लोगों की मौत के आंकड़े जरूर यह साहस करते हैं। लेकिन खबर सेलिब्रिटी को हार्ट अटैक जितनी बड़ी न हो पाने के चलते सुर्खियों में जगह बनाने में कामयाब नहीं हो पाती। दृश्यता भले ठंड से अब कम हुई हो, मगर दिखना तो कब का ही बंद हो चुका है, कलियुग भी इतना है कि दुआओं में हाथ उठने से पहले पर्सनैलिटी देखी जाती है। इस दौर की दुआएं भी बेशकीमती हैं। लोग इतना सोच-समझकर खर्च करते हैं कि कहीं अगले आईटीआर में पूछ न लिया जाए। यह इतनी सारी दुआएं किधर खर्च हुईं? यह दौर ही ऐसा है, इस दौर में तो खबरें भी आकर्षण मांगती हैं। फुटपाथ पर तिरपाल बांधे ठंड संग बारिश की दोहरी मार से जद्दोजहद करता बेघर किसी को नहीं दिखता। उस बेचारे के पास सेव द ह्यूमैनिटी के हैशटेग ट्रेंड करने के लिए ट्विटर खाता भी नहीं है। हमने तो और भी फ्री वाई-फाई की सुविधा देकर अपनी जिम्मेदारियां पूरी निभाई हैं। यहां सोशल मीडिया के लाइक्स जरूर कुछ लोगों को कंबल बांटने पर मजबूर कर देते हैं। पुण्याई दरिया में नहीं, एचडी तस्वीरों में उतारी जाती है। बीती रात भी यही हुआ जब दो फेसबुकिया समाज सुधारक अपनी लखटकिया मोटरसाइकिल से झुग्गी के सामने आकर रुके। झोपड़ी वालों को लगा कि भले घर के दो नौजवान इतनी रात में रज़ाई, शॉल देने आए होंगे। इस उम्मीद के विपरीत जब उन लड़कों ने तस्वीर उतारने की इच्छा जाहिर की तब झोपड़ी वालों के सारे अरमान ध्वस्त हो गए। स्याह अंधेरे में आये दोनों ही नौजवान फ्लैश लाइट में तस्वीर उतार कर चले गए। अगले दिन घने कोहरे के बीच कड़कड़ाती ठंड में उस तस्वीर को कविता के साथ सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया गया। कविता संग लगाई इस तस्वीर ने लोगों की आंखों में आंसू ला दिये। संवेदना इमोजी में प्रकट हो रही थी, कोई केयर तो कोई लव इमोजी रिएक्ट कर रहा था। कुछ अतिभावुक लोगों ने तो रोने वाली इमोजी भी दर्शायी। इधर पारा शून्य पर पहुंचा और उधर खबर आई कि झोपड़ी वाले बाबा गुजर गए। बाबा झुग्गी में गुजरे, मगर कागज में उनका घर तीन बरस पहले ही बन कर तैयार था। कागजों में जिनके घर होते हैं उनकी झुग्गी में ठंड से मौत की आशंका स्वत: समाप्त हो जाती है। वैसे भी रूम हीटर, गीजर, वूलन वियर सेल के बावजूद कोई ठंड से कैसे मर सकता है?

# 350 कर्मचारी-अधिकारी 6 विधान सभाओं की मतगणना करेंगे

हल्द्वानी (आरएनएस)। जिला प्रशासन ने १० मार्च को होने वाली मतगणना के लिए तैयारियां तेज कर दी हैं। मतगणना के लिए कर्मचारियों को ड्यूटी आवंटित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। दो दिन के भीतर एनआईसी के माध्यम से सभी मतगणना कार्मिकों को ड्यूटी मिल जाएगी। जिलेभर की ६ विधान सभा चुनावों की मतगणना संपन्न कराने के लिए ३५० कार्मिकों की ड्यूटी लगाई जाएगी। उपजिला निर्वाचन अधिकारी अशोक जोशी ने बताया कि मतगणना शांतिपूर्ण व पारदर्शिता से संपन्न कराने के लिए प्रशासन स्तर पर तैयारी शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि जिले की ६ विधान सभा सीटों में मतगणना संपन्न कराने के लिए ८४ मतगणना टेबल लगाई जाएंगी। हर टेबल पर ३ मतगणना कार्मिकों की तैनाती होगी। इस प्रकार मतगणना कार्य में २५२ कार्मिक तैनात करेंगे। ५८ कार्मिकों को रिजर्व में रखा जाएगा। हर विधान सभा की मतगणना के लिए दो कक्षों में ७-७ टेबल लगाई जाएंगी। जिसमें प्रत्येक टेबल में एक-एक गणना प्रभारी, गणना सहायक व माइक्रो आब्जर्वर की तैनाती की जाएगी।

# गढ़वाल विवि में नए डीएसडब्लू बोर्ड का गठन

श्रीनगर(आरएनएस)। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि के नव नियुक्त अधिष्ठाता छात्र कल्याण(डीएसडब्ल्यू) प्रो.एमएस नेगी की संस्तुति एवं कुलपति के अनुमोदन के उपरांत विवि के नए डीएसडब्ल्यू बोर्ड का गठन कर दिया गया है। कुलसचिव की ओर से जारी आदेश के अनुसार १४ संकाय सदस्यों को सहायक अधिष्ठाता छात्र कल्याण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। विवि के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. एमएस नेगी ने बताया कि बिड़ला परिसर में अधिष्ठाता छात्र कल्याण बोर्ड में १४ शिक्षकों को सहायह अधिष्ठाता छात्र कल्याण बनाया गया है। जिनमें प्रो. आरएस पांडेय, डा. पूजा सकलानी, डा.ममता आर्य, डा.आशुतोष गुप्त, डा. वरूण बर्थवाल, डा. घनश्याम ठाकुर, डा.अरूण शेखर बहुगुणा, डा.रमेश चंद्र सिंह राणा, डा.महेंद्र बाबू, डा. जितेंद्र बुटोला, डा. शुभ्रा काला, डा. हीरा लाल यादव, डा. नागेंद्र सिंह रावत, सुश्री कुजांग अंगमो शामिल हैं। प्रो. नेगी ने कहा कि शीघ्र ही डीएसडब्ल्यू बोर्ड में शामिल शिक्षकों को अलग-अलग जिम्मेदारी भी सौंपी जाएगी।

न ते अन्तः शवसो धाय्यस्य वि तु बाबधे रोदसी महित्वा।
आ ता सूरिः पृणति तूतुजानो यूथेवाप्सु समीजमान ऊती।।

(ऋग्वेद ६-२९-५)

कोई भी परमेश्वर की महिमा के अंत तक नहीं पहुंच सकता। पृथ्वी और अंतरिक्ष भी परमेश्वर की महिमा का एक बहुत ही छोटा सा भाग है। जो परमेश्वर के संरक्षण में उपासक शीघ्रता से कार्य करता है। वह उसी प्रकार प्रसन्न होता है जैसे प्यासी गायों का झुंड जल के तालाब को देखकर होता है।

No one can see the end of the glory of God. Earth and space are also a very small part of the glory of God. One who acts swiftly under the protection of God. He is as happy as a herd of thirsty cows becomes happy to see a pond of water.
(Rig Veda 6-29-5)

# चोरों ने मकान से हजारों की नगदी व सामान चुराया

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने मकान का ताला तोडकर वहां से नगदी, टीवी चोरी कर सीसीटीवी कैमरा क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार बद्रीश विहार मियांवाला निवासी अमन सुंदियाल ने डोईवाला थाने में मुकदमा दर्ज वह परिवार के साथ बाहर गये थे। आज जब वह वापस आये तो उन्होंने देखा कि मकान का ताला टूटा हुआ था तथा अन्दर सारा सामान बिखरा हुआ था। चोर उनके यहां से एक टीवी, 10 हजार रूपये की नगदी चोरी करके ले गये तथा उनके सीसीटीवी कैमरे भी क्षतिग्रस्त कर गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बगैर मास्क के कार्यक्रम करने पर पांच महिलाओं पर मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। रविदास जयंती पर बगैर मास्क व सोशल डिस्टेंसिक के कार्यक्रम करने पर पांच महिलाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना रायपुर पुलिस ने विकासलोक कालोनी निवासी कृष्णा देवी, कविता देवी, मंजू देवी, भागेश्वरी देवी व कौशल्या देवी व दस अन्यों पर रविदास जयंती के अवसर पर बिना अनुमति के तथा बिना मास्क पहले व सोशल डिस्टेंसिंग के कार्यक्रम करने पर मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# फेसबुक पर दोस्ती कर ठगे 63 हजार रूपये

संवाददाता

देहरादून। फेसबुक पर दोस्ती कर व्हटसएप पर अश्लील वीडियों डालकर महिला ने 63 हजार रूपये ठग लिये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भारूवाला निवासी व्यक्ति ने क्लेमनटाउन थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी फेसबुक पर अनन्या शर्मा नामक महिला से दोस्ती हो गयी जिसके बाद उक्त महिला ने उसके मोबाइल नम्बर पर अश्लील फोटो डाल दी तथा व्हटसएप पर फोटो डालकर उसको फोटो व वीडियों वायरल करने की धमकी देकर उसके खाते से 63 हजार रूपये निकाल लिये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# नापतोल का अधिकारी बताकर हड़पे दो लाख रूपये

संवाददाता

देहरादून। नापतोल का अधिकारी बताकर बैंक डिटेल लेकर खाते से 2 लाख 72 हजार निकाल लिये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जसवंत नगर बंसत विहार निवासी श्रीमती प्रभा सोपोर ने बसंत विहार थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने टीवी पर चलने वाले नापतोल में एक मास्क देखा तो उसको ऑनलाइन आर्डर कर दिया। जब मास्क की डिलीवरी हुई तो वह मास्क वो नहीं था वह जो देखा था उससे अलग था जिसके बाद नापतोल में दिये गये मोबाइल नम्बर पर सम्पर्क किया तो फोन सुनने वाले ने अपने को नापतोल का अधिकारी बताया तथा उससे उसके खाते ही सारी जानकारी ले ली। कुछ देर बाद ही उसके पास बैंक का मैसेज आया कि उसके खाते से 2 लाख 72 हजार रूपये निकाल लिये गये हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# घर से भागी युवती सहारनपुर में मिली, पुलिस ने परिजनों के हवाले किया

संवाददाता

देहरादून। घर से भागी युवती को पुलिस ने सहारनपुर से बरामद कर लिया। पुलिस ने युवती को परिजनों के हवाले किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ठाकुरपुर निवासी व्यक्ति ने प्रेमनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उनकी नाबालिग बेटी घर से स्कूल के लिए गयी थी लेकिन देर सांय तक वापस नहीं आयीं। उन्होंने उसको काफी तलाश किया लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्रेमनगर थाना प्रभारी कुलदीप पंत ने सम्पर्क करने पर बताया कि युवती सहारनपुर कोतवाली पहुंच गयी थी जिसको वापस लाया जा रहा है।

# बी.एस.नेगी महिला पॉलिटेक्निक में 'स्पोर्टस मीट' का आयोजन

संवाददाता

देहरादून। बी.एस.नेगी महिला पालिटेक्निक में स्पोर्टस मीट का आयोजन किया गया। जिसमें रेस, थ्रो, बैटमिंटन, कैरम, रस्साकसी आदि कई प्रतियोगिताएं करायी गयी।

कार्यक्रम का शुभांरम्भ मुख्य अतिथि एस.एस.पांगती (पूर्व आईएएस) ने रिबन काटकर एंव चेयरमेन हर्षमणि व्यास द्वारा गुब्बारे उड़ाकर किया गया। छात्राओं के साथ-साथ शिक्षकों और कर्मचारियों ने भी इन गतिविधियों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम के अंत में सुश्री अमिषा चौहान (पर्वतारोही) द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। जिसमें 50 मीटर रेस में कु. अंशिका ने प्रथम स्थान, 100 मीटर रेस में कु. अंशिका प्रथम स्थान, 4100 मीटर रिले रेस में कु. आरिफा, अंशिका, दिव्या, आमरीन ने प्रथम स्थान हासिल किया। शार्टपुट में कु. पूजा ने प्रथम स्थान, डिस्कस थ्रो में कु. पूजा ने प्रथम स्थान, जेवलिन थ्रो में कु. कार्तिकी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन में कु. शालिनी, रितु ने प्रथम स्थान, कैरम में कु. अंजलि, शालिनी द्वारा प्रथम स्थान रस्साकशी में टी.डी. डिपार्टमेंट ने प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल व सर्टिफिकेट प्राप्त किया गया। इस अवसर पर गवर्निंग बाडी के सदस्य के.पी. शर्मा, हरिशंकर जोशी, विजय जुयाल व अन्य सदस्य उपस्थित रहे।




# लाखों के एयर कंडीशन गायब करने पर ट्रक चालक के खिलापफमुकदमा

संवाददाता

देहरादून। लाखों के एयर कंडीशन गायब करने के मामले में पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सेलाकुई निवासी पवन कुमार सिंह ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उन्होंने कुशीनगर उत्तर प्रदेश निवासी मौहम्मद इजार के ट्रक संख्या एच आर 55 बी 6493 से 120 नग एयर कंडीशनर के झज्जर हरियाणा भेजने के लिए भिजवाये थे लेकिन वह वहां नहीं पहुंचे और ना ही मौहम्मद इजार का फोन भी नहीं मिल रहा है। उसने उसका माल गायब कर दिया।

# मलबा गधेरे में डाले जाने पर स्थानीय लोगो ने जताई आपत्ति

चमोली (आरएनएस)। पुल के निर्माण कार्य का मलबा डंपिंग जोन की बजाय गधेरे में ही डालने पर स्थानीय ग्रामीणों ने आपत्ति जताई है। सिमलसेड के ग्रामीण बिसम्बर दत्त , नवीन चंदोला, परमानन्द, भोला दत्त, भुवन चंदोला, हरि दत्त, हरीश चंदोला, विजय चंदोला, लक्ष्मी प्रसाद, संजय चंदोला आदि ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग कर्णप्रयाग-ग्वालदम पर थराली के निकट सिमलसेड में बीआरओ पुल का निर्माण करवा रहा है। यहां से निकले मलबे को डंपिंग जोन में डालने के बजाय द गघेरे में डाल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इससे उनके गांव को बरसात के दौरान खतरा उत्पन्न हो सकता है। पूर्व में भी मलबा डालने के कारण गांव में भूस्खलन से नुकसान हुआ था, तब भी ग्रामीणों ने बीआरओ को मलबा डंपिंग जोन में डालने के लिए कहा था। कुछ समय कार्य बंद होने के बाद अब बीआरओ ने पुनः कार्य शुरू कराया है तो मलबा फिर से गधेरे में ही डाला जा रहा है, जिसका स्थानीय लोग विरोध कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बीआरओ मलबा डंपिंग डॉन जोन में नहीं डालता है तो ग्रामीण आंदोलन करेंगे। बीआरओ के कमान अधिकारी एम के सिंह का कहना है कि डंप की गई मिट्टी को पुल निर्माण के दौरान प्रयोग में लाया जाएगा और फिलहाल सहूलियत के लिहाज से उसे यहीं डंप किया गया है ।

# घर के बाहर से कार चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने घर के बाहर खडी कार चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगानगर ऋषिकेश निवासी राहुल काला ने ऋषिकेश कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी कार घर के बाहर खडी थी। जब वह घर से बाहर निकले तो उन्होंने देखा कि उसकी कार अपने स्थान से गायब थी।

# स्यूणी तल्ली गांव में मोबाइल सेवा ठप

चमोली (आरएनएस)। एक ओर जहां केंद्र सरकार डिजिटल इंडिया की बात कहते कहते नहीं थक रही है वहीं विकासखंड गैरसैंण में आज भी कई ऐसे स्थान एवं गांव हैं जो नेटवर्क न होने के कारण कटे हुये हैं। ऐसा ही एक गांव है गैरसैंण विकासखंड का स्यूणी तल्ली। इस गांव के लोगों को आज भी अपनों से बात करने के लिए एक विशेष स्थान पर जाना पड़ता है तब जाकर आधी-अधूरी बात हो पाती है। प्रधान स्यूणी तल्ली शिशुपाल सिंह नेगी एवं बलवीर बिष्ट का कहना है कि गांव में आज भी मोबाइल नेटवर्क न होने के कारण उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया कि पूर्व में यहां एक प्राइवेट कंपनी के तिवाखर्क टावर से सिगनल आते थे। लेकिन एक माह से भी अधिक समय से यहां सिगलन वीक होने के कारण लोग बात नहीं कर पा रह हैं। इसलिए लोगों को अपनों से बात करने के लिए दूर पहाड़ी पर जाना पड़ता है।

# फारेस्ट फायर को लेकर वन महकमे की तैयारियां शुरु

पौड़ी (आरएनएस)। फायर सीजन को लेकर वन महकमे की तैयारियां शुरू हो गई। १५ फरवरी से फायर सीजन की शुरुआत हो गई है। ऐसे में अभी से महकमा भी तैयारियों में जुट गया। हालांकि इस बार अभी तक मौसम ने भी साथ दिया है। ऊंचाई वाले हिस्सों में बर्फबारी के कारण भी इन इलाकों में नमी बनी है। बीते सीजन में जंगलों की आग को बुझाने के लिए वन महकमों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा था। हालत बेकाबू होने पर सेना के एमआई -१७ हेलीकाप्टर की भी मदद लेनी पड़ी थी।

बीती घटनाओं को देखते हुए अभी से महकमा तैयारियों में लग गया। बीते सीजन में जिले में जंगल की आग के ६७८ घटनाएं सामने आ गई थी। जिसमें १०२४ हेक्टेअर जंगल जलकर खाक हो गए थे। इसमें ४२ हेक्टेअर पौधरोपण भी जला। जंगलों की आग से तब महकमे ने करीब ३० लाख की क्षति का आंकलन लगाया था। इस बार मौसम अभी तक राहत दे रहा है। लेकिन चुनौती इसके बावजूद कम नहीं है। मार्च में यदि बारिश नहीं हुई तो अप्रैल से लेकर मई तक का समय निकलना भी परेशानियों भरा साबित हो सकता है।

हालांकि अभी दवानल सुरक्षा समितियों की गोष्ठी आदि का काम भी शुरू नहीं हो सका। पंचायत वनों को आग से बचाने के साथ ही रिजर्व वनों को भी बचाएं रखना एक साथ चुनौति है। महकमे में पहले ही मैन पॉवर का भी अभाव है। ऐसे में दारोमदार फायर वॉचरों पर भी होगा। अब दवानल गर्मियों के बजाए सर्द मौसम में भी पीछे नहीं छोड़ रहा है। ऐसे में जंगलों की आग पर अंकुश लगाने में काफी दिक्कतें है। दवानल जंगल से निकलकर शहरी और ग्रामीण आबादी तक पहुंच जा रही है।

डीएफओ गढ़वाल मुकेश कुमार ने बताया है कि जरूरत के हिसाब से फायर वॉचर भी तैनाती शुरू कर दी गई है। जहां-जहां कंट्रोल वर्निंग की जानी थी उसे किया जा रहा है और फायर लाइनों की सफाई करवाई जा रही है। जंगलों की आग को काबू करने के लिए सभी इंतजाम किए जा रहे है। क्रूस्टेशन स्थापित हो चुके है और इन्होंने काम करना शुरू कर दिया है। बीते सीजन के संवेदनशील क्षेत्रों को भी नोटिस किया गया है। उसी के अनुरूप रोड मैप तैयार किया जाएगा।

# शाहरुख अभिनीत राजकुमार हिरानी की फिल्म में दिखेंगे विक्की कौशल

बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान काफी समय से राजकुमार हिरानी की फिल्म को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। हाल में ऐसी चर्चा चली थी कि शाहरुख की यह फिल्म गैरकानूनी इमिग्रेशन पर आधारित होगी। अब इस फिल्म को लेकर एक अहम जानकारी सामने आई है। खबरों की मानें तो इस फिल्म में हरफनमौला अभिनेता विक्की कौशल की एंट्री हो गई है। वह फिल्म में शाहरुख के साथ नजर आने वाले हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, राजकुमार अभिनेता विक्की के साथ इस फिल्म के लिए बातचीत कर रहे हैं। एक सूत्र ने बताया, फिल्म मुन्नाभाई एमबीबीएस से लेकर राजकुमार की फिल्मों में हमेशा स्पेशल रोल होते हैं, जिसमें इंडस्ट्री के जाने-माने चेहरे की कास्टिंग होती है। चाहे वह मुन्नाभाई फ्रेंचाइजी में जिमी शेरगिल हों, या पीके में संजय दत्त और सुशांत सिंह राजपूत हों या फिर संजू में विक्की। अब राजकुमार की फिल्म के लिए विक्की को अप्रोच किया गया है।

सूत्र ने यह भी बताया कि विक्की के अलावा मेकर्स कुछ अन्य कलाकारों के नामों पर भी विचार कर सकते हैं। फिलहाल फिल्म के लिए रेस में विक्की सबसे आगे हैं। कहा जा रहा है कि विक्की और राजकुमार की संजू के सेट पर अच्छी बॉन्डिंग बन गई थी। इसलिए विक्की मेकर्स की पहली पसंद में शामिल हैं। फिलहाल डेट्स, टाइमलाइन और अन्य पहलुओं पर काम किया जा रहा है। जल्द विक्की की ऑफिशियल एंट्री हो सकती है।

राजकुमार की इस फिल्म में अभिनेत्री तापसी पन्नू फीमेल लीड किरदार निभा सकती हैं। हालांकि, अभी उन्होंने यह फिल्म साइन नहीं की है। हाल ही में फिल्म की स्क्रिप्ट को भी तैयार कर लिया गया था। राजकुमार और उनकी राइटिंग पार्टनर कनिका ढिल्लों ने फिल्म की पटकथा तैयार की है। फिल्म के प्री-प्रोडक्शन का काम शुरू हो चुका है। इस फिल्म की शूटिंग मई, 2022 में शुरू हो सकती है।

रिपोर्ट के मुताबिक, शाहरुख अभिनीत राजकुमार की अगली फिल्म गैरकानूनी इमिग्रेशन के ज्वलंत मुद्दे पर आधारित होगी। अभी इस फिल्म का शीर्षक निर्धारित नहीं किया गया है। कहा जा रहा है कि यह फिल्म डंकी फ्लाइट पर केंद्रित होगी। जब आप किसी देश की सीमा में गैरकानूनी तरीके से प्रवेश करते हैं, तो उसे डंकी फ्लाइट कहा जाता है। पंजाब में यह शब्द काफी प्रचलित है। यह फिल्म भी पंजाब की पृष्ठभूमि पर आधारित है।(आरएनएस)

# शादी होते ही करिश्मा और वरुण को मिला स्मार्ट जोड़ी का प्रस्ताव

करिश्मा तन्ना काफी समय से अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में वह अपने मंगेतर वरुण बंगेरा के साथ शादी के बंधन में बंधी हैं। अब करिश्मा के फैंस के लिए एक और खुशखबरी है। दरअसल, शादी होते ही करिश्मा और उनके पति को एक रियलिटी शो का प्रस्ताव मिला है। शो का नाम है स्मार्ट जोड़ी, जिसे दिलचस्प बनाने के लिए निर्माता कई हिट जोड़ियों से संपर्क कर रहे हैं।

स्टार प्लस एक नया रिएलिटी शो स्मार्ट जोड़ी लेकर आ रहा है। निर्माताओं की नजरें इस समय कई नवविवाहित जोड़ियों पर हैं। एक सूत्र ने बताया कि टीम ने वरुण बंगेरा और शो में उनकी भागीदारी के लिए करिश्मा तन्ना से संपर्क किया है। हालांकि, करिश्मा अपनी शादी में व्यस्त थीं। एक्ट्रेस ने तब कहा था कि वह शादी के बाद फैसला लेंगी। जल्द ही करिश्मा इस सिलसिले में निर्माताओं से मुलाकात करेंगी।

अभिनेत्री मौनी रॉय से भी इस शो के लिए संपर्क किया गया था। हालांकि, उन्होंने मना कर दिया, क्योंकि वह रेमो डिसूजा के साथ डांस इंडिया डांस लिटिल मास्टर्स को जज कर रही हैं। इसके अलावा उनके पति सूरज नांबियार भी अपने पेशे में काफी व्यस्त हैं। एक सूत्र ने बताया कि निर्माता शो के लिए बिग बॉस के चेहरों को लेने के इच्छुक नहीं हैं। वे टीवी की नई जोड़ियों की तलाश कर रहे हैं।

इस शो के प्रोमो में राहुल महाजन और उनकी पत्नी नताल्या इलिना व नील भट्ट और उनकी पत्नी ऐश्वर्या भट्ट की जोड़ी दिख चुकी है। पूजा बनर्जी-कुणाल वर्मा, मोनालिसा-विक्रांत सिंह राजपूत, गौतम रोडे-पंखुरी अवस्थी और मोहम्मद नाजिम-शायना सेठ जैसे कई नाम शो के लिए सामने आए हैं। यह हिट कन्नड़ शो का हिंदी रूपांतरण है। रितेश देशमुख या आयुष्मान खुराना इस मजेदार शो को होस्ट कर सकते हैं। इसमें दर्शकों को 12-15 सेलेब्रिटी कपल देखने को मिलेंगे।

करिश्मा और वरुण 5 फरवरी को शादी के बंधन में बंधे हैं। करिश्मा ने अपनी शादी की तस्वीरें फैंस के साथ शेयर करने में देर नहीं लगाई। हल्दी से लेकर मेहंदी तक हर समारोह की तस्वीरें उन्होंने इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। (आरएनएस)


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# इन तरीकों से काजल को बनाएं अपने ब्यूटी रुटीन का हिस्सा



काजल एक मेकअप प्रोडक्ट है, जो आपको लगभग हर महिला की ब्यूटी किट में मिल जाएगा क्योंकि काजल आंखों की खूबसूरती को बढ़ाने में काफी मदद करता है। हालांकि, क्या आप जानती हैं कि आंखों की निचली आईलिड पर इसका इस्तेमाल करने के अलावा आप इससे कई तरह के मेकअप लुक्स क्रिएट कर सकतीं हैं। आइए आज हम आपको बताते हैं कि मेकअप के दौरान आप किन-किन तरीकों से काजल का इस्तेमाल कर सकती हैं।

बतौर आईलाइनर करें इस्तेमाल

अगर कभी अचानक से आपका आईलाइनर खत्म हो जाए तो आप काजल का इस्तेमाल आईलाइनर कर सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले काजल की नोक को हल्का गर्म करें, फिर उसे ठंडा करके आंखों की ऊपरी आईलिड पर लगाएं। इससे काजल गहरे काले रंग का लगेगा। आप चाहें तो इससे विंग आईलाइनर लुक भी क्रिएट कर सकती हैं। हालांकि, काजल लगाते समय पलकों को खिंचने की गलती न करें क्योंकि इससे काजल ढंग से नहीं लग पाएगा।

आईब्रो को घना दिखाने में करें मदद

घनी और खूबसूरत शेप वाली आइब्रो न सिर्फ आंखें बल्कि चेहरे की नूर को भी बढ़ाने का काम कर सकती हैं। हालांकि, अगर आपकी आईब्रो घनी नहीं है तो आप इसके गैप को काजल से भरकर इन्हें घना दिखा सकती हैं। इसके लिए आपको बस इतना करना होगा कि आप काजल की मदद से अपनी आईब्रो को इनर कॉर्नर से भरना शुरू करें, फिर आउटर कॉर्नर तक भरें। ध्यान रखें कि यह काम बिल्कुल हल्के हाथों से करना है।

काजल से बनाएं टाइटलाइन

अगर कभी आपका मन मेकअप किए बिना ही मेकअप लुक पाने का करें तो आप इसके लिए भी काजल का इस्तेमाल कर सकती हैं। दरअसल, आप अपनी आंखों पर काजल को इस तरह लगा सकती हैं कि किसी को दिखेगा भी नहीं और आपकी आंखें भी बड़ी और खूबसूरत लगेंगी। इसके लिए बस आप अपनी ऊपरी आईलिड की इनर लैश पर काजल लगाएं। इससे आपकी पलके हैवी लगेगी और आंखें अधिक खूबसूरत।

काजल से दें आंखों को स्मोकी लुक

अमूमन महिलाएं आंखों को स्मोकी लुक देने के लिए आईशैडो का इस्तेमाल करती हैं, लेकिन आप चाहें तो यह काम काजल की मदद से भी कर सकती हैं। आंखों को स्मोकी लुक देने के लिए आपको सबसे पहले अपनी ऊपरी आईलिड पर काजल की मोटी परत लगानी होगी। इसके बाद आपको अपनी उंगली या फिर फ्लैट ब्रश से इसे फैलाना होगा। इससे आपको स्मज इफेक्ट मिलेगा और बस आपका स्मोकी लुक तैयार है। (आरएनएस)

# बाल रूखे और बेजान हो गए हैं तो इन कंडीशनर का करें इस्तेमाल

बालों को बार-बार धोना और हेयर स्टाइलिंग उत्पादों का इस्तेमाल आदि कारणों से बाल रूखे और बेजान नजर आने लगते हैं। वहीं, सर्दियों में इस समस्या से अधिक दो चार होना पड़ता है क्योंकि ठंडी हवाओं बालों की नमी छिनकर उन्हें रूखा और बेजान बन देती हैं। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे कंडीशनर बनाने का तरीका बताते हैं, जिनका इस्तेमाल रूखे बालों को नमी प्रदान करने के साथ ही पोषित करने का काम कर सकता है।

जैतून का तेल, शहद और सेब के सिरके का कंडीशनर

इसके लिए पहले एक कटोरी में एक चम्मच जैतून का तेल, एक चम्मच शहद और आधा चम्मच सेब का सिरका मिलाएं, फिर इस मिश्रण को बालों पर लगाएं। आधे घंटे के बाद सिर माइल्ड शैंपू और पानी से धो लें। जैतून के तेल में उच्च मॉइश्चराइजिंग गुण होते हैं, जो रूखे और बेजान बालों को ठीक कर सकते हैं। वहीं, शहद एंटीऑक्सीडेंट गुण से भरपूर होता है। इसके अलावा, सेब का सिरका बालों को झड़ने से रोक सकता है।

अंडे की जर्दी का कंडीशनर

अंडे की जर्दी प्रोटीन से युक्त होती है, जो बालों को पोषण देने में मदद कर सकती है। इसके लिए पहले एक कटोरी में दो अंडे की जर्दी को चम्मच की मदद से अच्छी तरह फेंट लें, फिर इसमें एक बड़ी चम्मच जैतून का तेल मिलाएं। अब इस मिश्रण को अपने बालों में लगाएं और 10 मिनट के बाद सिर को सामान्य पानी से धो लें। आप चाहें तो सिर धोते समय माइल्ड शैंपू का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

केले से बना कंडीशनर

सबसे पहले एक मध्यम आकार के कटोरे में एक केले को अच्छे से मैश कर लें, फिर कटोरे में एक बड़ी चम्मच शहद और दो बड़ी चम्मच जैतून का तेल डालकर अच्छे से मिला लें। अब इस मिश्रण को सिर पर लगाएं और शॉवर कैप पहन लें, फिर इसके आधे घंटे बाद सिर को गुनगुने पानी से धो लें।

## शब्द सामर्थ्य -127


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

**ऊपर से नीचे**

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 126 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | लू | प्र | सा | द | या | द | व | |
| प | | ति | | | र | क्ष | क | |
| र | ह | मा | न | | | | | आ |
| वा | | | मि | थु | न | | दा | स |
| ह | वा | ला | त | | सी | ता | | पा |
| | न | | | | ब | क | वा | स |
| औ | र | त | | म | | त | | |
| ला | | बे | च | ना | | व | च | न |
| द | ह | ला | | ना | ग | र | | दी |

# पृथ्वीराज से क्लैश टालने पर विचार कर रहे गोविंदा नाम मेरा के मेकर्स

अक्षय कुमार की बहुप्रतीक्षित फिल्म पृथ्वीराज की रिलीज डेट का ऐलान किया गया है। फिल्म इस साल 1० जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसी तारीख को विक्की कौशल की फिल्म गोविंदा नाम मेरा भी दर्शकों के बीच आएगी। इस फिल्म का निर्माण धर्मा प्रोडक्शंस ने किया है। अब सुनने में आ रहा है कि गोविंदा नाम मेरा के मेकर्स पृथ्वीराज से क्लैश टालने पर विचार कर रहे हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, गोविंदा नाम मेरा की टीम अक्षय की पृथ्वीराज से क्लैश टालने पर विचार कर रही है। एक सूत्र ने बताया, यशराज फिल्म्स के साथ चर्चा करने के बाद गोविंदा नाम मेरा की रिलीज को री-शेड्यूल किया गया है। धर्मा प्रोडक्शंस और यशराज फिल्म्स के बीच बहुत अच्छे कामकाजी संबंध हैं। इसिलए, संयुक्त रूप से यह निर्णय लिया गया कि गोविंदा नाम मेरा की रिलीज को री-शेड्यूल किया जाएगा। भले ही मेकर्स ने गोविंदा नाम मेरा की रिलीज को री-शेड्यूल करने का निर्णय लिया है, लेकिन इसकी नई रिलीज डेट के बारे में जानकारी नहीं दी गई है। आने वाले दिनों में बहुत जल्द इस संबंध में घोषणा हो सकती है। कहा जा रहा है कि धर्मा प्रोडक्शंस माधुरी दीक्षित की वेब सीरीज द फेम गेम को लेकर व्यस्त है, इसलिए फिल्म की नई रिलीज डेट को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई है।

गोविंदा नाम मेरा करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस की फिल्म है। करण और यशराज फिल्म्स के मालिक आदित्य चोपड़ा में बहुत अच्छी दोस्ती है। दोस्ती के अलावा उन दोनों के परिवारिक रिश्ते भी हैं। बता दें कि आदित्य के पिता यश चोपड़ा और करण की मां हीरू जौहर भाई-बहन हैं। यही वजह है कि दोनों निर्माताओं ने मिलकर फिल्म की रिलीज को री-शेड्यूल करने का समझदारी भरा फैसला लिया है। पिछले साल नवंबर में गोविंदा नाम मेरा का ऐलान किया गया था। फिल्म में कियारा आडवाणी और भूमि पेडनेकर भी नजर आएंगी। इस फिल्म के लेखक-निर्देशक शशांक खैतान हैं। कियारा के साथ विक्की की यह दूसरी फिल्म होगी। इससे पहले दोनों नेटफ्लिक्स की एंथोलॉजी फिल्म लस्ट स्टोरीज की एक कहानी में साथ काम कर चुके हैं। भूमि के साथ भी विक्की की यह दूसरी फिल्म है। दोनों भूत पार्ट 1- द हॉन्टेड शिप में साथ काम कर चुके हैं। पृथ्वीराज एक पीरियड ड्रामा फिल्म है, जिसमें अक्षय महान सम्राट पृथ्वीराज चौहान की भूमिका में नजर आएंगे। यशराज बैनर के इतिहास में पहली बार कोई पीरियड ड्रामा फिल्म बनी है। इस फिल्म में पूर्व मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर संयोगिता बनी हैं। वह फिल्म के जरिए हिन्दी फिल्मों में अपना पदार्पण करेंगी। फिल्म में संजय दत्त और सोनू सूद भी अहम भूमिकाओं में दिखने वाले हैं। इस फिल्म का निर्देशन चंद्रप्रकाश द्विवेदी ने किया है। (आरएनएस)

## हिंदी में भी रिलीज होगी भीमला नायक

पवन कल्याण और राणा दग्गुबाती-स्टारर भीमला नायक जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी, निर्माता मल्टीस्टारर की हिंदी रिलीज के लिए भी तैयारी कर रहे हैं। भीमला नायक के निर्माता सूर्यदेवरा नागा वामसी ने बहुप्रतीक्षित फिल्म की हिंदी रिलीज की पुष्टि की है। अपने हाल के एक साक्षात्कार में, जब नागा वामसी से भीमला नायक के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि फिल्म सुपरहिट होगी। इसलिए हमने इसकी हिंदी रिलीज भी करेंगे। नागा वामसी ने कहा कि हालांकि नागा वामसी ने समझाया मलयालम फिल्म अयप्पनम कोशियुम का रूपांतरण है, दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया जाएगा। हमने मूल फिल्म से कहानी ली है। हमारे लेखक त्रिविक्रम श्रीनिवास ने स्क्रिप्ट के काम में शानदार काम किया है। भीमला नायक 25 फरवरी या 1 अप्रैल को रिलीज होगी। फिल्म में राणा दग्गुबाती ने पवन कल्याण के प्रतिद्वंद्वी की भूमिका निभाई है।

एक्शन ड्रामा में नित्या मेनन और संयुक्ता मेनन मुख्य भूमिका में हैं। सागर के चंद्रा निर्देशक हैं, जबकि त्रिविक्रम श्रीनिवास ने पटकथा और संवाद लिखे हैं।

## रवि तेजा की धमाका में प्रणवी के रूप में दिखीं श्रीलीला

अभिनेत्री श्रीलीला की आगामी फिल्म धमाका का फर्स्ट लुक पोस्टर सामने आ गया है। वेलेंटाइन डे के अवसर पर, निर्माताओं ने पेल्ली संदा अभिनेत्री को प्रणवी के रूप में पेश करते हुए पोस्टर का अनावरण कियापोस्टर में मुख्य जोड़ी रवि तेजा और श्रीलीला को दिखाया गया है, क्योंकि वे एक दिलचस्प बातचीत में पूरी तरह से डूबे हुए हैं। आगामी फिल्म में दोनों की प्रेम गाथा के उत्सव के रूप में, निर्माताओं ने इस प्यारे पोस्टर का अनावरण किया।

रवि तेजा और श्रीलीला स्टारर धमाका एक दिलचस्प टैगलाइन - डबल इम्पैक्ट के साथ आया है। जैसा कि फिल्म आगामी शूटिंग शेड्यूल के साथ तैयार होगी, निर्माता और अधिक दिलचस्प चीजों को अपडेट करने का वादा किया है।

फिल्म को पीपुल्स मीडिया फैक्ट्री और अभिषेक अग्रवाल आर्ट्स द्वारा बड़े पैमाने पर तैयार किया जा रहा है। टीजी विश्व प्रसाद फिल्म का निर्माण कर रहे हैं, जबकि विवेक कुचिभोटला सह-निर्माता हैं। धमाका त्रिनाधा राव नक्कीना द्वारा अभिनीत है और इसमें कुछ प्रसिद्ध अभिनेताओं को महत्वपूर्ण भूमिकाओं में और विभिन्न शिल्पों को संभालने वाले शीर्ष तकनीशियन भी शामिल होंगे। प्रसन्ना कुमार बेजवाड़ा ने फिल्म के लिए कहानी और संवाद लिखे हैं, जबकि भीम्स सेसिरोलियो ने संगीत दिया है और कार्तिक घट्टामनेनी सिनेमैटोग्राफी संभालेंगे।

# आरसी 16 में राम चरण के साथ स्क्रीन शेयर करती दिखेंगी रश्मिका



रश्मिका मंदाना के सितारे इन दिनों बुलंदियों पर हैं। उनकी लोकप्रियता अब साउथ तक सीमित नहीं रही, बल्कि पुष्पा जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म में काम करने के बाद बॉलीवुड में भी लोकप्रिय हो चुकी हैं। श्रीवल्ली नाम से मशहूर हुईं रश्मिका अब जल्द ही पर्दे पर साउथ के सुपरस्टार राम चरण के साथ स्क्रीन शेयर करती दिखेंगी। फिल्म आरसी 16 में दोनों की जोड़ी बनने वाली है।

राम चरण और निर्देशक गौतम तिन्नुरी ने हाल ही में आरसी 16 (राम चरण की 16वीं फिल्म) के लिए हाथ मिलाया है। फिल्म का टाइटल अभी सामने नहीं आया है। इस एक्शन एंटरटेनर फिल्म को निर्माता पैन इंडिया स्तर पर ही बनाने की प्लानिंग में है। निर्माता काफी समय से राम चरण के अपोजिट फीमेल लीड की तलाश कर रहे थे, जिसके लिए अब रश्मिका से संपर्क किया गया है। उन्होंने इस फिल्म को हरी झंडी भी दिखा दी है।

पुष्पा में काम करने के बाद रश्मिका दुनियाभर में बेहद लोकप्रिय हो गई हैं। फिल्म में अल्लू अर्जुन के अलावा उनकी भी खूब तारीफ हुई थी। फिल्म के सुपरहिट होने के बाद उन्हें कई बॉलीवुड फिल्मों के प्रस्ताव आ रहे हैं। पिछले दिनों खबर आई थी कि पुष्पा के दूसरे पार्ट के लिए रश्मिका ने 3 करोड़ रुपये लिए हैं, जबकि पहले पार्ट के लिए उनकी फीस 2 करोड़ रुपये थी। रश्मिका की लोकप्रियता में दिन-ब-दिन इजाफा हो रहा है।

बता करें राम चरण की तों उनके चाहनेवाले ना सिर्फ देश, बल्कि विदेशों में भी बहुत हैं। वह सुपरस्टार चिरंजीवी के बेटे हैं। बावजूद इसके राम चरण इंडस्ट्री में अपनी एक खास पहचान रखते हैं। वह जल्द ही पैन इंडिया फिल्म आरआरआर में नजर आएंगे।

रश्मिका बॉलीवुड में भी अपना दमखम दिखाने के लिए तैयार हैं। बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने के लिए वह बेहद उत्साहित हैं। रश्मिका एक नहीं, बल्कि दो हिंदी फिल्मों में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगी। उनके बॉलीवुड डेब्यू का दर्शकों को भी बेसब्री से इंतजार है। सिद्धार्थ मल्होत्रा अभिनीत फिल्म मिशन मजनू से वह बॉलीवुड में कदम रखने जा रही हैं। उनकी दूसरी हिंदी फिल्म है गुडबाय, जिसके जरिए उन्हें पहली बार अमिताभ बच्चन संग काम करने का मौका मिला है। रश्मिका को गूगल ने 2०2० की भारत की राष्ट्रीय क्रश बताया था। इसके बाद अभिनेत्री का नाम सोशल मीडिया पर खूब ट्रेंड हुआ। (आरएनएस)

# माधुरी दीक्षित ने वेब सीरीज 'द फेम गेम' में अभिनय के अपने जुनून को साझा किया

बॉलीवुड सुपरस्टार माधुरी दीक्षित इन दिनों वेब सीरीज 'द फेम गेम' से अपने डिजिटल डेब्यू से सुर्खियां बटोर रही हैं। यह शो एक सफल अभिनेत्री के बारे में है, जिसके पास सभी विलासिताएं हैं, लेकिन इसके साथ ही उसका जीवन बहुत सारे रहस्यों को समेटे हुए है।

अभिनेत्री अपने ओटीटी डेब्यू और अभिनय के प्रति अपने प्यार के बारे में बात करती है। वह एक अभिनेत्री के रूप में अपनी यात्रा को याद करती हैं और उन्हें इतने सालों के बाद क्या प्रेरित करती है।

वह कहती है: मुझे लगता है, कोई भी व्यक्ति वास्तव में अलग-अलग किरदार निभाते हुए कभी नहीं थकता है। मुझे अपने हर किरदार में ढलना अच्छा लगता है। और जब आपको कोई भूमिका मिलती है, तो यह हमेशा रोमांचक होता है, जिसमें भावनाओं का एक सरगम होता है। आप जानते हैं, जिनके जीवन में उतार-चढ़ाव आते हैं क्योंकि यह ऐसे पात्र हैं जो आपको बेहतर करने, ऊपर उठने और आपको अपने पैर की उंगलियों पर रखने के लिए चुनौती देते हैं।

फिल्म प्रेमियों का दिल जीतने और कई हिट फिल्में देने के बाद, माधुरी को अभी भी लगता है कि सीखने के लिए बहुत कुछ है और वह अभी भी एक छात्रा है।

मुझे लगता है कि मेरे लिए, मैं हमेशा सिनेमा का छात्र रहा हूं। और जब भी मैं कोई प्रोजेक्ट करता हूं, तो मैं एक चरित्र में कुछ नया खोजने या खोजने की कोशिश करता हूं जिसे मैं चित्रित कर सकता हूं और अपने पिछले प्रदर्शन से बेहतर कर सकता हूं।

'द फेम गेम' करण जौहर, अपूर्व मेहता, सोमेन मिश्रा, श्री राव और धर्मेटिक एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित है।

बिजॉय नांबियार और करिश्मा कोहली श्रृंखला के निर्देशक हैं और इसमें माधुरी दीक्षित नेने, संजय कपूर, मानव कौल, सुहासिनी मुले, लक्षवीर सरन, मुस्कान जाफरी और राजश्री देशपांडे हैं। (आरएनएस)

# शक्तिमान पर बनने जा रही फिल्म

मुकेश खन्ना 9० के दशक के सबसे लोकप्रिय अभिनेता रहे हैं। उन्होंने धारावाहिक शक्तिमान से हर वर्ग के दर्शकों का दिल जीता। यह किरदार इतना मशहूर हुआ कि इसकी चर्चा आज तक होती है। अब इसी तर्ज पर एक फिल्म बनने जा रही है। फिल्म का नाम भी शक्तिमान ही होगा। मुकेश खन्ना सोनी टीवी के साथ मिलकर इस फिल्म को बनाने वाले हैं। इसे लेकर खन्ना बेहद उत्साहित हैं।

सोनी टीवी ने सोशल मीडिया पर इस फिल्म से जुड़ा पहला टीजर रिलीज किया है, जो इशारा कर रहा है कि सुपरहीरो शहर को बचाने के लिए दोबारा से वापस आ रहा है। टीजर में कहा गया, जैसा कि मानवता पर अंधेरा और बुराई व्याप्त है, उसके लौटने का समय आ गया है। यह फिल्म तीन हिस्सों में बनेगी, जिसका निर्देशन बेहतरीन निर्देशकों में से एक करने जा रहे हैं। यह फिल्म हिंदी, मलयालम, तेलुगु और तमिल में रिलीज होगी।

टीजर की शुरुआत में मुंबई के ऊपर छाए घने बादल और कड़कती बिजली दिखाई दे रही है। इसके बाद एक कैमरा हवा में उड़ता हुआ दिख रहा है, जिसके लेंस पर शक्तिमान का लोगो बना हुआ है। उसके बाद शक्तिमान की यूनिफॉर्म पहने एक शख्स दिखता है, लेकिन उसका चेहरा नहीं दिखाया गया है। इसमें शक्तिमान को लोगों का हीरो, सुपरहीरो बताया गया है। फिल्म में शक्तिमान के किरदार में कौन होगा, इस पर अभी सस्पेंस बना हुआ है।

फिल्म समीक्षक और ट्रेड एनालिस्ट ने भी सोशल मीडिया पर फिल्म की घोषणा की। उन्होंने शक्तिमान का टीजर शेयर करते हुए लिखा, बड़ी घोषणा: सोनी पिक्चर्स शक्तिमान को बड़े पर्दे पर ला रहा है। इस बार शक्तिमान को सिनेमाघरों के लिए बनाया जाएगा। यह एक ट्राइलॉजी होगी। उन्होंने लिखा, देश का सबसे बड़ा सुपरस्टार इस किरदार को निभाएगा। एक बड़े डायरेक्टर इसे डायरेक्ट करेंगे। सोनी पिक्चर्स इंटरनेशनल प्रोडक्शन्स ने पॉपुलर सुपरहीरो शो शक्तिमान फिल्म के एडेप्शन राइट्स खरीद लिए हैं।

शक्तिमान टीवी के सबसे लोकप्रिय शो में से एक रहा है, इसमें मुकेश खन्ना ने शक्तिमान की भूमिका निभाई थी। उनका डबल रोल था। एक में वह पत्रकार गंगाधर थे और दूसरे रोल में सुपरहीरो। सुपरहीरो की पहचान छुपाने के लिए वह गंगाधर बने थे, जो काफी बेवकूफियां करता रहता है। टीवी पर यह शो 13 सितंबर, 1997 को टेलीकास्ट हुआ और 2००5 तक प्रसारित हुआ था। शक्तिमान भारत का पहला सुपरहीरो था, जिसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिला था।

बॉलीवुड में भी कई सुपरहीरोज फिल्में बनी हैं। मिस्टर इंडिया एक भारतीय सुपरहीरो पर आधारित थी। भारतीय सिनेमा के लिए कृष एक आइकॉनिक सुपरहीरो है। द्रोणा एक सुपरहीरो फिल्म थी। फिल्म रा.वन, भावेश जोशी सुपरहीरो और ए फ्लाइंग जट्ट भी इस लिस्ट में शामिल है। (आरएनएस)

# बहुसंख्यक वोट बैंक हासिल करने की कवायद

राजेश रामचंद्रन

पिछले हफ्ते समाजवादी पार्टी नेता राम गोपाल यादव जो सपा के पितामह तुल्य मुलायम सिंह यादव के रिश्ते में भाई हैं ने राज्यसभा में एक वादा करते हुए कहा कि यदि हमारी पार्टी सत्ता में आईए तो भतीजे अखिलेश यादव अयोध्या में राम मंदिर निर्माण में तेजी लाएंगे और बेहतर बनवाएंगे। हालांकि यह अजीब संकल्प संसद के भीतर और बाहर चल रहे राजनीतिक शोरोगुल में दबकर रह गया। साफहै कि किसी ने राम गोपाल का इस तरह मौजूदा राजनीति के यथार्थ को कमतर करने वाले इस कथन पर ध्यान तक देना गवारा नहीं किया। अन्य राजनीतिक दलों की तरह सपा भी केवल मौकापरस्तों का झुंड है और यह वह राजनीतिक बिंदु हैए जिसको दोहराने की जरूरत नहीं है। लेकिन तथ्य है कि सपा को स्वीकार करना पड़ा वह भी इसके पक्ष में है यह भांपते हुए कि अयोध्या में राम मंदिर का उत्तर प्रदेश के मतदाताओं के बीच अपना महत्व है और यही वह चीज़ है जिस पर ध्यान देने की जरूरत है।

अयोध्या में राम मंदिर कोई अन्य पूजास्थल न होकरए वह एक मंदिर होगाए जिसका निर्माण बाबरी ढांचे को ढहा कर बतौर एक राजनीतिक परियोजनाए हिंदुत्व का समर्थन पाने को हो रहा है जिसका मकसद हिंदू वोट बैंक बनाना है। सपा नेतृत्व ने सदा पहचान की राजनीति जमकर की हैए जिसमें निर्भरता अपनी जाति का समर्थन पाने के अलावा मुस्लिम वोटों पर भी रही है और मुस्लिम.यादव गठजोड़ बनाया। आज भी] सपा को मौजूदा विधानसभा चुनाव में उम्मीद है कि मुस्लिमों में व्याप्त असुरक्षा की भावना पर सवार होकर वह बड़ी संख्या में सीटें जीत सकेगी। फिर भी समाजवादी दल को राम मंदिर के खिलाफ रखी अपनी तीन दशकों पुरानी राजनीतिक लीक से हटने को मजबूर होना पड़ा! क्यों?

हिंदू वोट बैंक संगठित हैए कम.से.कम से हिंदी भाषी राज्यों में फिलहाल यही लग रहा है। वोट बैंक होने का मतलब जरूरी नहीं कि केवल एक दल सांप्रदायिक ध्रुवीकरण से वांछित चुनावी परिणाम हासिल कर लेए इसके लिए आवश्यक है किसी संप्रदाय या समूह विशेष के पुरातनपंथी विचारों का प्रचार करके माहौल बनाना। अक्सर यह वितंडा केवल प्रतीकात्मक रीतियों को लेकर खड़ा किया जाता हैए मसलनए यह कहना कि सामान्य कानून को ताक पर रखकर मुस्लिम पुरुष को शरिया के मुताबिक निकाह करने या तलाक देने का अधिकार दे रखा है। हर मुस्लिम पुरुष न तो चार दफा विवाह करता हैए न ही तीन बार तलाक.तलाक कहकर झटपट रिश्ता तोड़ देता है। लेकिन पुरातनपंथी सोच वाले कठमुल्ले अपने समुदाय के इस विशेषाधिकार को सुरक्षित रखना चाहते हैं। केवल उन्हीं को समर्थन देते हैं जो धर्म के नाम पर चल रहे इन रिवाजों को बनाए रखने का हामी हो। वे दल जो इस संप्रदाय की वोटें हासिल करने की लालसा रखते हैंए उन्होंने धर्म.निरपेक्षता के सिद्धांत को तोड़.मरोडकर पितृ.सत्तात्मक रीतियां बरकरार रखने को अभयदान दे डाला।

कांग्रेसए सपा हो या वामदल अथवा फिर मुख्यधारा की कोई भी पार्टीए सभी वोटों के बदले कठमुल्लों को बढ़ावा देने के दोषी हैं। लेकिन अब इनमें कुछ दलों को भी हिंदुत्व कार्ड खेलने पर मजबूर होना पड़ा है। ऐसा नहीं कि यह करके वे भाजपा को उसी के खेल में कभी हरा पाएंगेए लेकिन नए संदर्भ की मांग है कि हिंदुत्व प्रतीकों की पूजा की जाएए ठीक इस्लामिक स्थलों पर सजदा करने जैसा। यह संदर्भ में आया बदलाव ही है कि राम गोपाल यादव को पलटी मारकर संसद में वादा करना पड़ा। इसका मतलब कि भाजपा और सपा के लिए राजनीति के खेल में बराबरी का मौका बाबरी ढांचे के विध्वंस को स्वीकार करने और ठीक उसी जगह पर राम मंदिर बनाने की जय.जयकार किए बगैर नहीं बन सकता। और इसीलिए सपा को मंदिर निर्माण में तेजी लाने और बेहतर बनाने वाला अपना इरादा घोषित करने को मजबूर होना पड़ा। यह सफाई देनी पड़ी कि उसने राम मंदिर का विरोध कभी नहीं किया था।

इससे पहले जनवरी माह में अखिलेश यादव ने चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत सपने में आए भगवान कृष्ण की बात कहकर की थी। इस तरह के पैंतरे हर उस राजनेता ने सिद्ध कर रखे हैं जो अल्पसंख्यक वोटें पाने की चाहत रखता है। बहुसंख्यक वोट आधारित राजनीति की वैधता केवल उसी समय नहीं है जब भाजपा हिंदू वोट पाकर सत्ता हासिल करेए बल्कि जब सपा जैसी पार्टीए जो विगत में सदा मुस्लिम हित सुरक्षित रखने का प्रण करती आई हैए वह भी हिंदुत्व राजनीति से फायदा उठाने की ओर झुक जाए। मथुरा और भगवान कृष्ण का नाम लेना भी इसी बहुलतावादी संदर्भ में आता है क्योंकि वहां भी मंदिर.मस्जिद स्थल का झगड़ा है और इस मसले में भी अखिलेश यादव की सपा वादा कर रही है कि वह हिंदुत्व राजनीति के फैसले के खिलाफनहीं जाएगी।

यह दलील दी जा सकती है कि यहां सपा केवल चतुराई से काम ले रही है ताकि भाजपा के हिंदुत्व वाले नारे से पिछड़ न जाएए और मतदाताओं का ध्यान हिंदू.मुस्लिम वाले प्रचार से आहिस्ता से हटाया जा सके। लेकिन यह पार्टी 1992 में बाबरी ढांचा गिराए जाने के समय और भी चतुर रही थीए तब उसके बाद हुए चुनाव में सफलतापूर्वक सत्ता हासिल की थी और मुस्लिम मुल्लाओं का समर्थन पाकर अन्य पिछड़ा वर्ग को मजबूत किया था। ऐसा नहीं है कि सपा को अपनी उस्तादी का भान चुनावों के समय अचानक हुआ है। यह तो केवल उस बड़ी जनसंख्या की मांग की प्रतिक्रियावश हैए जो वोट बैंक बनकर उभरा है और ऐसा करके सपा पुरातनपंथी विचारों की ताईद करने वाले अपने दूसरे वोट बैंक से संतुलन बैठाना चाह रही है।

कर्नाटक की भाजपा सरकार द्वारा हिजाब पर कड़ा रुख अपनाना और पड़ोसी राज्य केरल में मार्क्सवादी नीत सरकार द्वारा हिजाब के समर्थन में आनाए दोनों ही वोट बैंक को लुभाने के लिए हैं। चूंकि केरल के हिंदू मतदाताओं का बड़ा हिस्सा अभी भी सांप्रदायिक लीक पर नहीं बंटा है और वह धर्म से इतर अन्य मुद्दों पर गौर करके वोट डालने को तरजीह देता हैए इसलिए राजनीतिक दलों के लिए फिलहाल वहां वर्गीय वोट बैंक की हिमायत करना फायदेमंद है। अतएवए केरल में सभी गैर.भाजपा राजनीतिक दल हिजाब का समर्थन करके फायदा लेना चाहते हैंए ठीक उसी तर्क सेए जैसे सपा अयोध्या में राम मंदिर का समर्थन करके फायदा उठाने की फिराक में है।

इससे पहले देशभर में अल्पसंख्यकों के वोट पाने को उनके पहचान.प्रतीकों का अनुमोदन करके लुभाने तक सीमित था। किंतु दशकों तक चले इस कारोबार ने बाकी आबादी में प्रतिक्रिया पैदा कीए परिणामस्वरूप बहुसंख्यक वोट बैंक मजबूत हुआए कम.से.कम हिंदी भाषी राज्यों में। केरल जैसे राज्य में इसकी झलक उस वक्त मिली जब वामपंथी सरकार उखड़ गई और सबरीमाला विवाद का फायदा उठाकर कांग्रेस नीत गठबंधन ने लोकसभा चुनाव में 2० में 19 सीटों पर विजय पा ली। बहुसंख्यक वोट बैंक उभरना एक चिंताजनक हकीकत है वह जो हमारे निर्वाचित मौकापरस्त नेताओं को पुरातनपंथी और सांप्रदायिक एजेंडों का अनुमोदन करने पर मजबूर कर सकती है। और वह सबए जो दकियानूसी सोच रखने वाले इन समूहों से टक्कर ले रहे हैं उन्हें भी यह समझना होगा कि हिंदुत्व राजनीति का जवाब अल्पसंख्यक वोट बैंक से नहीं हो सकता। आधुनिकता की दरकार है कि हम पहचान के बाहरी प्रतीकों को तजेंए फिर चाहे यह हिजाब नकाब तिलक या कोई फूल टांकना ही क्यों न हो बिना किसी अपवाद के।

## सू- दोकू क्र. 127

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.126 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# अल्पसंख्यकों की पहचान के निर्धारण का प्रश्न

अनूप भटनागर

देश में राष्ट्रीय स्तर पर अल्पसंख्यकों को विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलता है। लेकिन अब लंबे समय से राज्य स्तर पर अल्पसंख्यक होने वाले समुदायों को भी अल्पसंख्यकों के लाभ उपलब्ध कराने की मांग जोर पकड़ रही है। सवाल उठ रहे हैं कि राज्य स्तर पर अल्पसंख्यक कौन हैं और ऐसे समुदायों की पहचान कर उन्हें अल्पसंख्यकों को मिलने वाली योजनाओं का लाभ क्यों नहीं दिया जा रहा है। दरअसल, कहीं-कहीं तो स्थानीय स्तर पर जनसांख्यिकीय स्वरूप परिवर्तित हो चुका है। इस संवेदनशील मुद्दे पर न्यायपालिका में भी मामला लंबित है।

शीर्ष अदालत में लंबे समय से मामला लंबित होने के बावजूद अल्पसंख्यकों के हितों और अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध होने का दावा कर रही सरकारें 1० राज्यों में अल्पसंख्यकों की पहचान करने के सवाल पर लगातार ढुलमुल रवैया अपना रही हैं।

अभी हाल ही में मद्रास उच्च न्यायालय का कहना था कि कन्याकुमारी में हिन्दू अल्पसंख्यक हैं जबकि जमीनी स्तर पर जनगणना में यह तथ्य परिलक्षित नहीं होता है। इसकी वजह 'क्रिप्टो क्रिश्चियन' होना बताया जाता है। उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति जीआर स्वामीनाथन ने हाल ही में एक फैसले में कहा था कि यद्यपि अनुसूचित जाति के हिंदुओं ने ईसाई धर्म अपना लिया है और वे इस धर्म का ही पालन करते हैं लेकिन आरक्षण का लाभ प्राप्त करने के लिए ये सभी रिकॉर्ड पर हिन्दू हैं। उच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि धर्म के संदर्भ में कन्याकुमारी की जनसांख्यिकीय स्थिति 198० से ही बदल गयी है। यहां पर हिन्दू अल्पसंख्यक हैं लेकिन 2०11 की जनगणना दूसरी तस्वीर पेश करती है। इस फैसले का उल्लेख करने की वजह उच्चतम न्यायालय द्वारा पिछले महीने राज्य स्तर पर अल्पसंख्यकों की पहचान कराने के मामले में केंद्र को अपनी स्थिति स्पष्ट करने के लिए अंतिम अवसर दिया जाना है। मुद्दा यह है कि देश के कई राज्यों में हिन्दू, बहाई और यहूदी वास्तविक अल्पसंख्यक हैं लेकिन उन्हें वहां अल्पसंख्यक का दर्जा प्राप्त नहीं है। इस वजह से इन समुदायों के लोग अपनी पसंद के शैक्षणिक संस्थान खोलने और उनका संचालन करने के अधिकार से वंचित हैं। इन राज्यों में अल्पसंख्यक होने के बावजूद इन समुदाय के सदस्यों को अल्पसंख्यकों के कल्याण की सुविधाएं भी नहीं मिलती हैं। भाजपा नेता और अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय ने इसी मुद्दे को लेकर शीर्ष अदालत में जनहित याचिका दायर कर रखी है। उपाध्याय चाहते हैं कि देश के पंजाब, कश्मीर, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, लक्षद्वीप, मिजोरम, लद्दाख और नगालैंड सहित कम से कम दस राज्यों में हिन्दू, बहाई और यहूदी समुदाय को अल्पसंख्यक घोषित किया जाए जहां वास्तव में ये अल्पसंख्यक हैं।

दूसरी ओर, लक्षद्वीप और जम्मू-कश्मीर में मुस्लिम बहुमत में हैं जबकि असम, पश्चिम बंगाल, केरल, उत्तर प्रदेश और बिहार में इस समुदाय की काफी बड़ी आबादी है लेकिन इन्हें यहां अल्पसंख्यक ही माना जाता है और उन्हें इनके निमित्त लाभ दिये जा रहे हैं।

उपाध्याय ने इसी परिप्रेक्ष्य में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थान कानून, 2००4 की धारा दो (एफ) की वैधानिकता को भी चुनौती दे रखी है। याचिका के अनुसार, यह धारा मनमाने तरीके से अल्पसंख्यक घोषित करने की असीमित शक्ति सरकार को प्रदान करती है। उपाध्याय चाहते हैं कि न्यायालय केंद्र को राज्यवार अल्पंख्यकों की पहचान करने के दिशा-निर्देश जारी करने का निर्देश दे। लेकिन स्थिति यह हो गयी है कि अब न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति एमएम सुंद्रेश की पीठ ने सरकार अपनी स्थिति स्पष्ट करने के लिए अंतिम अवसर दिया है।

याचिका में उच्चतम न्यायालय के 2० साल पहले टीएमए पाई प्रकरण में दी गयी व्यवस्था का हवाला देते हुए कहा गया है कि इसमें न्यायालय ने राज्यवार अल्पसंख्यकों की पहचान करने की बात कही थी लेकिन इस पर आज तक अमल नहीं हुआ है।

## वादों को पूरा करने में विफल रहने वाले राजनीतिक दलों की मान्यता रद्द करने की मांग

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई है, जिसमें केंद्र और भारत के चुनाव आयोग को राजनीतिक दलों को विनियमित करने और उन्हें आवश्यक तर्कसंगत घोषणापत्र वादों के लिए जवाबदेह बनाने के लिए निर्देश देने की मांग की गई है।

याचिका वकील अश्विनी कुमार उपाध्याय ने अपने वकील अश्विनी कुमार दुबे के माध्यम से दायर की थी। याचिकाकर्ता ने चुनाव आयोग से चुनाव चिन्ह को जब्त करने और चुनावी घोषणापत्र में किए गए अपने आवश्यक तर्कसंगत वादों को पूरा करने में विफल रहने वाले राजनीतिक दलों की मान्यता रद्द करने का निर्देश देने की भी मांग की है। अपनी याचिका में अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय ने अदालत से कहा कि चुनाव घोषणापत्र एक दस्तावेज है, जो राजनीतिक दल के इरादों, उद्देश्यों और विचारों की एक प्रकाशित घोषणा है। यह किसी राजनीतिक दल के चुने जाने पर उसके विशेष लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए उपयोग किया जाता है।

उन्होंने कानून और न्याय मंत्रालय को पंजीकृत और मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के कामकाज को विनियमित करने और आवश्यक तर्कसंगत घोषणापत्र वादों के लिए उन्हें जवाबदेह बनाने के लिए उचित कदम उठाने का निर्देश देने की भी मांग की। याचिकाकर्ता ने कहा कि लोकतंत्र का आधार निष्पक्ष चुनावी प्रक्रिया है। अगर चुनावी प्रक्रिया की अखंडता से समझौता किया जाता है तो प्रतिनिधित्व की धारणा खाली हो जाती है। राजनीतिक दल तर्कहीन मुफ्त का वादा कर रहे हैं और जरूरी वादे पूरे नहीं कर रहे हैं।

याचिकाकर्ता ने आगे अदालत से यह विश्लेषण करने का अनुरोध किया कि क्या राजनीतिक दल वास्तव में शासन के बारे में चिंतित हैं या क्या वे लोकतांत्रिक चुनावी राजनीतिक प्रक्रिया को खत्म करने में यकीन रखते हैं। याचिकाकर्ता ने बताया कि केंद्र और चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों के कामकाज को विनियमित करने और घोषणापत्र को विनियमित करने के लिए कदम नहीं उठाए हैं, इसलिए कोर्ट ही नागरिकों की एकमात्र आशा है।

## टिहरी बांध विस्थापितों और प्रभावितों के साथ किए गए समझौतों का सम्मान न होना, अत्यन्त चिंतनीयः किशोर



कार्यालय संवाददाता

देहरादून। टिहरी बांध निर्माण से उत्पन्न समस्याओं और विस्थापितों और प्रभावितों के साथ किए गए समझौतों का सम्मान न होना, अत्यन्त चिंतनीय विषय है। यह बात टिहरी के पूर्व विधायक किशोर उपाध्याय ने कहे।

उन्होंने कहा कि ग्राम भटगंडा के उप–ग्राम में राजेन्द्र प्रसाद का मकान रात में टूट गया, प्रभु कृपा से वे बाल–बाल बच गये। उन्होंने कहा कि पूरा गाँव दहशत में जी रहा है।

शासन–प्रशासन, जन प्रतिनिधि और सरकार को तुरन्त संज्ञान लेना चाहिये और अपना जल, जंगल और ज़मीन देने वाले लोगों की रक्षा करनी चाहिये। उन्होंने स्थलीय निरीक्षण कर सम्बंधित अधिकारियों से बात कर शीघ्र समाधान हेतु अपेक्षा की।

### पति-पत्नी की हत्या, हत्यारोपी..

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

सपना के साथ सम्बन्ध बनाने की कोशिश की तो सपना व उसके पति बबलू द्वारा इसका विरोध किया गया। जिस पर मुझे गुस्सा आ गया गया और मैंने रसोई से तवा लाकर उससे सपना व उसके पति के सर व मुहं पर वार कर दिया गया जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गयी। हाथापाई के दौरान मेरे सिर में चोट लग गयी थी। बताया कि दोहरे हत्याकांड के बाद मैं जब भागने की फिराक में था तो लोगों ने मुझे पकड़ कर कमरे में बंद कर दिया। जहां से मैं भाग निकला और पुलिस गिरफ्त में आ गया। बहरहाल पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

# संघर्ष में घायल दूसरे हाथी की भी मौत

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। राजाजी नेशनल पार्क में आपसी संघर्ष में घायल दूसरे हाथी की भी आज मौत हो गयी। मोतीचूर रेंज के समीप साहब नगर ग्राम सभा स्थित सौंग नदी में आज दूसरे हाथी का शव मिला है।



बता दें कि बीती 17 फरवरी को मोतीचूर रेज के गुल्लर पड़ाव बीट में दो हथियों की भीषण भिड़ंत हो गयी थी। वर्चस्व की इस जंग में एक हाथी की मौत हो गयी थी। वहीं आज मृत मिला हाथी घायल अवस्था मे घने जंगलों की ओर चला गया था। इस घटना के बाद से ही मोतीचूर व कांसरो रेज की कई टीमें इसकी तलाश में जुटी हुई थी। कल देर रात इसकी लोकेशन सांग नदी के पास पाई गई। जिसके बाद वन महकमा इसका इलाज शुरू करता उससे पहले ही इसने दम तोड़ दिया।

घटना के बाद से ही पार्क प्रशासन में हड़कंप मच गया है। इसकी मौत की सूचना के बाद पार्क प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच कर डॉक्टरों की टीम द्वारा इसका मौके पर ही पोस्टमार्टम कराया गया है।

## नाबालिग से बलात्कार के मामले में एक गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। नाबालिग से बलात्कार करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मिस्सरवाला निवासी व्यक्ति ने डोईवाला थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह बाजार गये थे तथा उनकी नाबालिग बेटी घर पर अकेली थी तभी पडोस में रहने वाला विजय अमर सिंह उनके घर में घुस गया तथा उसकी नाबालिग बेटी से छेडछाड करने लगा जब उसने उस का विरोध किया तो वह उसको उठाकर पास के गन्ने के खेत में ले गया जहां पर विजय ने उसकी बेटी के साथ बलात्कार किया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया है।

## सेल्फी के चक्कर में दो युवक गंगनहर में डूबे, लापता

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। गंगनहर के किनारे सेल्फी ले रहे दो युवक गंगनहर नहर में डूबकर लापता हो गए। घटना रुड़की के सोलानी पार्क क्षेत्र में हुई, लापता लोगों के साथ उनके दो दोस्त और भी थे, जिन्होने मामले की जानकारी पुलिस को दी। बताया जा रहा है कि लापता युवक और उनके साथी मसूरी घूमने जा रहे थे।

जानकारी के अनुसार संदीप निवासी बागपत, भरत निवासी मेरठ अपने दो अन्य साथियों अभिषेक और राकेश निवासी बागपत के साथ शुक्रवार सुबह कार से मसूरी घूमने जा रहे थे। बताया जा रहा है कि रुड़की पहुंचने पर सभी लोग कार से गंगनहर पटरी पर सोलानी पार्क के पास पहुंचे और यहां सभी दोस्त गंगनहर किनारे सेल्फी रहे थे। इसी दौरान अचानक संदीप और भरत का पैर फिसल गया, जिससे दोनों दोस्त पानी के तेज बहाव में बह गए। दोस्तों को गंगनहर में डूबता देख अभिषेक और राकेश ने शोर मचाया, जिसके बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और दोनों को बचाने का काफी प्रयास किया लेकिन दोनों का कोई पता नहीं चल पाया। मामले की जानकारी पुलिस को मिली तो सिविल लाइन कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और लापता युवको की तलाश शुरू कर दी। हादसे की सूचना मिलते ही सभी के परिजन रुड़की पहुंचे और पुलिस से मामले की जानकारी ली। बहरहाल पुलिस लापता युवकों की तलाश में जुटी हुई है।

# पूर्व सीएम हरीश रावत का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

संवाददाता

देहरादून। देहरादून पहुंचने पर पूर्व मुख्यमंत्री व चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष हरीश रावत का आज उनके निवास स्थान पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी और माल्यार्पण करके स्वागत किया, और कांग्रेस की अग्रिम जीत की उन्हें बधाई दी।



इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि यह जीत जनता जनार्दन की जीत होगी और कांग्रेस कार्यकर्ताओं की जीत होगी, भाजपा की जन विरोधी नीतियों ने प्रदेश को विकास की राह से पीछे धकेल दिया है और कांग्रेसी सरकार बनने पर विकास के पहिए को तेजी से चलाया जाएगा।

स्वागत करने वालों में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष पूरन सिंह रावत, महामंत्री मनीष कुमार, प्रवक्ता डॉ आर पी रतूड़ी, विनोद चौहान, राहुल-प्रियंका गांधी सेना के अध्यक्ष मदनलाल, हरीश रावत विचार मंच के प्रदेश अध्यक्ष गुल मोहम्मद, सुनील नौटियाल, मुस्तफा सैनिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष कैप्टन बलबीर सिंह रावत, राजेश वालिया, सुनील जुयाल सहित कई कार्यकर्ता व नेता शामिल रहे।



## एक नजर

# अफगान से आए एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री से मुलाकात की

नई दिल्ली। अफगानिस्तान में तालिबान की वापसी के बाद भारत लाए गए अफगान सिख–हिंदू के प्रतिनिधिमंडल से शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुलाकात की।पीएम मोदी ने अपने दिल्ली के आवास पर प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया और उनके द्वारा लाए गए उपहारों को स्वीकार किया। इस दौरान अफगान से आए प्रतिनिधिमंडल ने पीएम मोदी को अफगानी साफा पहनाकर उन्हें सम्मानित भी किया। पीएम मोदी ने अफगान मूल के भारतीय बांसरी लाल अरेंदेह से भी मुलाकात की, जिन्हें पिछले साल अफगानिस्तान में ही अगवा कर लिया गया था। प्रतिनिधिमंडल में २०२० में तालिबान द्वार अगवा किए गए अफगान नागरिक निदान सिंह सचदेवा भी मौजूद रहे। इनके अलावा गुलजीत सिंह, हरभजन सिंह, डॉ. रघुनाथ कोचर ने भी पीएम मोदी से मुलाकात की। बता दें कि पीएम आवास पर पहुंचने वाले जत्थे में कुछ ऐसे लोग थे जो पिछले दो दशकों में भारत आए हैं, वहीं कुछ ऐसे लोग भी थे जिन्हें तालिबान के जुल्म से बचाकर वापस लाया गया है। गौरतलब है कि अफगानिस्तान में तालिबान का कब्जा होने के बाद से भारी संख्या में लोग पलायन कर रहे हैं। वहीं, हिंदू और सिख समुदाय के लोगों को भी वहां कई मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है, जिनकी मदद के लिए भारत आगे आया है।



# यूपी सरकार ने हटाया नाइट कर्फ्यू

लखनऊ । देश के तमाम राज्यों की तरह उत्तर प्रदेश में भी कोरोना संक्रमण के मामलों में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। वहीं कोरोना की तीसरी लहर के कमजोर पड़ने पर राज्य सरकार ने भी एहतियातन लगाई गई पाबंदियों को हटाना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में आज राज्य सरकार ने नाइट कर्फ्यू को लेकर भी बड़ा फैसला लिया है। दरअसल कोरोना के मामलों में कमी को देखते हुए प्रदेश की योगी सरकार ने लोगों को राहत देते हुए नाइट कर्फ्यू समाप्त कर दिया है। वहीं नाइट कर्फ्यू हटा दिए जाने से व्यापारी सहित अन्य लोग खुश हैं। गौरतलब है कि नाइट कर्फ्यू हटाए जाने का फैसला आज राज से ही लागू हो जाएगा। वहीं मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने यूपी के सभी ऑफिसों को पूरी क्षमता के साथ खोलने के निर्देश भी जारी कर दिए हैं। गौरतलब की यूपी में कोविड–१६ के बढ़ते मामलों को देखते हुए ६ जनवरी २०२२ को रात १० बजे से सुबह ६ बजे तक का रात्रि कर्फ्यू लगाया गया था। लेकिन १३ फरवरी २०२२ को मामले कम होने पर नाइट कर्फ्यू के समय में बदलाव किया गया और इसे रात्रि ११ बजे से सुबह ५ बजे तक लागू कर दिया गया था। लेकिन अब सरकार ने नाइट कर्फ्यू की पाबंदी की पूरी तरह से खत्म कर दिया है।



# शशि थरूर के रीट्वीट पर भारतीय दूतावास ने दी कड़ी प्रतिक्रिया

नई दिल्ली। कुवैत स्थित भारतीय दूतावास ने भारत विरोधी ट्वीट को रीट्वीट करने को लेकर शुक्रवार को कांग्रेस सांसद शशि थरूर की आलोचना की है। दूतावास ने उक्त ट्वीट को एक पाकिस्तानी एजेंट का ट्वीट बताया और कहा कि इस तरह के भारत विरोधी तत्वों को प्रोत्साहित नहीं करना चाहिए। भारतीय दूतावास की कड़ी प्रतिक्रिया थरूर के उस ट्वीट को रीट्वीट करने पर आई जिसमें दावा किया गया था कि कुछ शक्तिशाली कुवैती सांसदों के एक समूह ने कुवैत की सरकार से भारत की सत्तारूढ़ भाजपा के किसी भी सदस्य के कुवैत में प्रवेश पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। ट्वीट में आगे कहा गया है, श्सांसदों ने कहा कि हम चुपचाप बैठकर मुस्लिम लड़कियों पर होते अत्याचार को नहीं देख सकते हैं। ये उम्मा के एकजुट होने का समय है। थरूर ने इस ट्वीट का हवाला देते हुए ट्विटर पर लिखा, घरेलू घटनाओं के अंतरराष्ट्रीय प्रभाव होते हैं। मैंने खाड़ी के अपने दोस्तों से भारत में इस्लामोफोबिया के बढ़ने को लेकर निराशा और इसकी निंदा करने के लिए प्रधानमंत्री की अनिच्छा के बारे में सुना है।




# राज्य में 2012 की पुनरावृत्ति भी संभव

संवाददाता

देहरादून। भले ही मतदान के तुरंत बाद भाजपा और कांग्रेस के दिग्गज नेताओं द्वारा अपनी–अपनी जीत के बड़े–बड़े दावे किए जा रहे हो, लेकिन जैसे–जैसे मतगणना की तारीख करीब आती जा रही है उनके वायदे और दावों की हवा निकलती जा रही है। भितरघात की खबरों ने भाजपा का उत्साह ठंडा कर दिया है वहीं जमीनी हकीकत का जायजा जानकर कांग्रेसी नेताओं का जोश भी जमीन पर आता दिख रहा है।

चुनाव परिणामों को लेकर भले ही यह नेता मीडिया के सामने कुछ भी कहे लेकिन अंदर की बात यह है कि चुनाव परिणामों को लेकर भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दलों के अंदर समानांतर बेकली और बेचैनी है, और किसी भी दल को इस बात को लेकर पक्का भरोसा नहीं है की जीत उसकी ही होगी। यही कारण है कि कई राजनीतिक समीक्षक तो यहां तक कह रहे हैं कि सूबे में फिर एक बार 2012 की पुनरावृति होती है तो वह कोई आश्चर्यजनक बात नहीं हो सकती है।

बहुमत के जादुई आंकड़े तक कौन



**●दावों के बीच भी डावांडोल है नेताओं के मन**

**●निर्दलीय विधायकों की चमकेगी किस्मत?**

सा दल पहुंचता है? या कोई पहुंचता भी है या नहीं इसका पता 10 मार्च को ही चल सकेगा। भाजपा की पूरी सफलता मोदी मैजिक पर निर्भर है वर्तमान चुनाव में भी अगर 2017 जैसा मोदी मैजिक कामयाब हुआ तो भाजपा का सत्ता में बने रहना सुनिश्चित माना जा सकता है। वही भितरघात से होने वाले नुकसान पर भी भाजपा की सफलता–असफलता का गणित निर्भर करता है लेकिन यह तय है कि 2017 जैसा कोई कमाल इस चुनाव में भाजपा नहीं करने जा रही है। जहां तक कांग्रेस की सत्ता में वापसी की बात है तो वह भी इन्हीं 2 फैक्टरों पर निर्भर करती है। अगर जनता का उसे साथ मिलता है तो वह भाजपा की अंदरूनी खींचतान के कारण ही मिलेगा। और उसके पास भी बहुमत से बहुत ज्यादा सीटें होंगी इसकी संभावनाएं खुद कांग्रेसी नेताओं को भी नहीं है। तीसरा विकल्प आप और बसपा की सफलता–असफलता भी भाजपा व कांग्रेस के नेताओं पर भारी पड़ सकती है।

भाजपा और कांग्रेस नेताओं को भी इस बात की आशंका है कि कहीं उनकी सीटों का आंकड़ा 30 और 32 के आसपास ही न अटक जाए। इन्हीं संभावनाओं के मद्देनजर अब भाजपा व कांग्रेस के नेताओं ने उन तमाम निर्दलीयों से संपर्क साधना शुरू कर दिए हैं जिनकी संख्या इस बार 5–6 के आसपास दिखाई दे रही है। वहीं 2017 के चुनाव में शून्य पर सिमट जाने वाली बसपा भी एक बार फिर तीन से चार सीटों पर प्रभावशाली नजर आ रही है। अगर समीकरण ऐसे ही रहे तो राज्य में एक बार फिर त्रिशंकु विधानसभा के आसार भी कम नहीं है। सत्ता की दौड़ में फिर कौन आगे निकलेगा और क्या एक स्थिर सरकार राज्य को मिल पाएगी? जैसे सवाल भी अहम हो जाएंगे।

# जनपद में हुई दस चोरियों का खुलासा, तीन लोग गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने जनपद की दस चोरियों का खुलासा करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का सामान बरामद कर लिया।

आज यहां इसकी जानकारी देते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जन्मेजय खण्डूरी ने बताया कि जनपद में चोरी की घटनाओं में इजाफा हुआ था। जिसके चलते सभी थाना क्षेत्रों में चोरी का खुलासा करने व चोरों की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन किया गया। उन्होंने बताया कि रायवाला थाना क्षेत्र में भी दो मकानों का ताला तोडकर वहां से लाखों के जेवरात चोरी होने के मुकदमें दर्ज हुए थे जिसके बाद रायवाला थाना पुलिस ने हाईवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला तथा पुराने चोरों के बारे में भी जानकारी एकत्रित की गयी।

एसएसपी ने बताया कि आज रायवाला थाना पुलिस को सूचना मिली कि उनके




क्षेत्र में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले तीन लोग मोतीचूर फाटक से हरिद्वार की तरफ पैदल जा रहे है। जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो मोतीचूर फाटक के पास तीन लोग जाते हुए दिखायी दिये पुलिस ने उनको रूकने का इशारा किया तो वह भाग खडे हुए। पुलिस टीम ने पीछा कर उनको थोडी दूरी पर दबोच लिया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम हिमायत खान उर्फ हिम्मत खान पुत्र सहादत खान, बसत पुत्र जयकिशन व कुनाल पुत्र छोटू सभी निवासी मद्रासी कालोनी कंकरखेडा मेरठ बताया। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह नग बेचने के बहाने मौहल्लों में घुमते हैं तथा जो घर बंद मिलता था उसमें रात्रि में चोरी की घटना को अंजाम देते थे। तीनों ने रायवाला, रायपुर, डोईवाला व ऋषिकेश में चोरी की घटना को अंजाम देना कबूला। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी के जेवरात व नगदी बरामद कर ली। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# चोरों का आतंकः शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रा के पांच मकानों से लाखों की चोरी

संवाददाता

देहरादून। दून में चोरों ने अपना आतंक मचा रखा है। शहरी क्षेत्र के विभिन्न थाना क्षेत्रों के पांच मकानों से लाखों के जेवरात व नगदी चोरी कर ली है। पुलिस ने सभी मुकदमें दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रायपुर थाना क्षेत्रान्तर्गत आरकेश्वर एन्क्लेव भरतू चौक निवासी गणेश चन्द ध्यानी, सर्वप्रिय विहार बालावाला निवासी दमयंती लिंगवाल व रांझावाला ढांग निवासी कमलेश प्रसाद मनवाल ने रायपुर थाने में अपने घर से लाखों के जेवरात, साडियां व नगदी चोरी होने का मुकदमा दर्ज कराया है। वहीं चन्द्र विहार कारगी निवासी प्रवीण प्रसाद ने भी अपने घर से लाखों के जेवरात व नगदी चोरी करने का मुकदमा पटेलनगर कोतवाली में दर्ज कराया है। इसके साथ ही यशोदा विहार ठाकुरपुर निवासी रमेश शर्मा ने भी प्रेमनगर थाने में अपने चाचा के घर का ताला तोडकर चोरी का मुकदमा दर्ज कराया। एक ही दिन में पांच मकानों के ताले तोडकर लाखों के जेवरात चोरी करने के मुकदमों से पुलिस विभाग में हडकम्प मच गया है। पुलिस ने सभी मुकदमें दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकारः**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**

**मो. 9358134808**

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*